

जाह्नवी कपूर के चेहरे पर थीं मूंछे... पेज 7

# जय हिन्द जनाब

तापमान 27 °C | °F 16 °C | °F

हर नज़र पर ख़बर — हर ख़बर पर नज़र

आर्द्रता 48 % वात 19 KM/H



ग्रेनो में बनेगा लुलु मॉल... पेज 8

वर्ष : 18, अंक : 230 पृष्ठ : 8, मूल्य : 2 रुपए UPHIN/2005/14445 www.jaihindjanab.com नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) शुक्रवार, 21 अक्टूबर, 2022







# यमुना किनारे धड़ल्ले से बेचे जा रहे फॉर्म हाउस









मोहम्मद आजाद

**नोएडा।** यमुना किनारे आज कल जमकर फॉर्म हाउस काटे जा रहे हैं। भूमाफिया किसी को चकमा देकर नहीं बल्कि प्राधिकरण समेत तमाम सरकारी महकमों से सांठ-गांठ कर बड़े पैमाने पर एक हजार, दो हजार और पांच हजार गज तक के फॉर्म हाउस काटकर बेच रहे है।

पिछले दिनों प्रदेश सरकार की सख्ती के बाद सीईओ नोएडा रितु माहेश्वरी ने तमाम लग्जरी फॉर्म हाउसों को तुड़वा डाला था। लेकिन तोड़फोड़ की कार्रवाई जैसी ही बंद हुई भूमाफिया फिर से सक्रिय हो गए। इन लोगों ने दिल्ली के बाद नोएडा के आखिर छोर तक यमुना किनारे पर कब्जा कर लिया है। ये लोग बड़े पैमाने पर फॉर्म हाउस काट रहे है। खरीददार कच्चे और पक्के निर्माण कर रहे हैं। खरीददारों में एक-दूसरे से अच्छा फॉर्म हाउस बनाने की होड़ लगी हुई हैं। फिलहाल सबसे ज्यादा सेक्टर-150 के आस-पास फॉर्म हाउस बेचे जा रहे हैं। यह क्षेत्र प्राधिकरण वर्क सर्किल 10 के अंतर्गत आता हैं। अगर सर्किल कार्रवाई करने के बजाए मूक बना हुआ हैं। इसी तरह प्राधिकरण के भू-विभाग ने भी चुप्पी साध रखी हैं।

जिला प्रशासन भी तभी सक्रिय होता है जब या तो शासन से सख्ती हो या फिर बड़े स्तर पर कोई शिकायत हो। अन्यथा सभी विभाग भू-माफियाओं को छूट दिए हुए हैं। जब सभी मुंह सिले हुए हैं तो पुलिस भी बला अपने ऊपर क्यों ले। कोई भी इन भूमाफियाओं से टकराना नहीं चाहता क्योंकि उन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है।

जय हिन्द जनाब ने जब मौके का दौरा किया तो सेक्टर-150 के आसपास और अन्य कई स्थानों पर बिजली भी उपलब्ध थी और निर्माण कार्य भी बिना किसी रोक-टोक के चल रहे थे। भूमाफिया प्लानिंग से फॉर्म हाउस काट रहे हैं। वे रोड इत्यादि जरूरी सुविधाएं खरीददारों को मुहैया करा रहे हैं। भारतीय किसान संघ ने अब इस मामले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष उठाने का ऐलान किया है।

## खास खबर

### एक नवंबर से बच्चों के लिए पठन अभियान होगा शुरू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार बच्चों में पढ़ने की आदत डालने के लिए एक नवंबर से 45 दिन का अभियान शुरू करेगी, जिसमें बच्चों को पढ़ने के लिए जागरूक किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने इस अभियान के लिए 75 जिलों के शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं, जिसका उद्देश्य स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाओं में आयु-उपयुक्त पठन पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करके बच्चों के लिए एक आनंदमय पठन संस्कृति को बढ़ावा देना है। स्कूली शिक्षा के महानिदेशक विजय किरण आनंद ने सभी अधिकारियों से छात्रों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने को कहा है। साथ ही स्कूलों में इन्फोग्राफिक्स और गतिविधि कैलेंडर सहित शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने को कहा है।

### संभल में दो ट्रकों में भिड़ंत, एक की मौत

**संभल।** तेज रफ्तार दो ट्रकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिससे एक ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। हादसे में कंडक्टर और दूसरे वाहन का चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक में फंसे मृतक और घायलों को बाहर निकाला। साथ ही घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा और मृतक के शव को पीएम के लिए भेज दिया।

# दिन निकलते ही बड़ा हादसा

## सरिए से लदे कैंटर में घुसी बस, कई लोग घायल

जय हिन्द संवाद

**दादरी।** आज सुबह दिन निकलते ही ग्रेटर नोएडा में एक बड़ा हादसा हुआ है। दादरी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक रोडवेज बस ने पीछे से एक कैंटर ने टक्कर मार दी। इस घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है। जहां पर दोनों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। खबर लिखे जाने तक इस हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है। यह जानकारी गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने दी है।

पंकज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 3:30 बजे यूपी रोडवेज बस अलीगढ़ डिपो से दादरी की तरफ आ रही थी। तभी दादरी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सड़क किनारे खड़े आईसर कैंटर में पीछे से बस ने टक्कर मार दी। इस घटना में रोडवेज गाड़ी में बैठे दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिनकी पहचान माधुरी निवासी नोएडा और उमेश निवासी हाथरस के रूप में हुई है। इसमें चालक उमेश की हालत ज्यादा नाजुक बताई जा रही है। हालांकि, महिला और पुरुष दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया है। इस हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि इस मामले में आगे की कार्रवाई दादरी पुलिस द्वारा की जा रही है।



### बिजनौर में सवारियों से भरी बस पलटी, एक बच्चे की मौत

**बिजनौर।** जिले में सवारियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में मासूम की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने सवारियों को बाहर निकाला। घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसा जिले के शेरकोट थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-74 पर आधी रात 2.30 बजे हुआ। यहां एक प्राइवेट बस सवारियों को भरकर देहरादून से लखीमपुर जा रही थी। बस में करीब 80 सवारियां बैठी थी। हाईवे में अफजलगढ़ के पास एसआरएस पेट्रोल पंप के निकट अचानक बस का टायर फट गया।

### देवभूमि पहुंचे पहुंचे पीएम मोदी

**देहरादून।** केदारनाथ में बाबा भोलेनाथ के दर्शन के करीब 3 घंटे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बद्रीनाथ पहुंचे। पीएम मोदी आज रात विष्णु के धाम बद्रीनाथ में ही रुकेंगे। मोदी शुक्रवार पौने नौ बजे केदारनाथ पहुंचे थे। उन्होंने यहां गर्भगृह में करीब 20 मिनट पूजा की। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी छठवीं बार केदारनाथ के दर्शन करने पहुंचे थे। बाबा के दर्शन करने के लिए मोदी हिमाचली टोपी और खास पोशाक चोला-डोरा पहनी। चंबा की महिलाओं ने यह पोशाक अपने हाथों से से बनाई और मोदी को गिफ्ट की थी। इस पर पीछे स्वास्तिक बना है।। बाबा के दर्शन के बाद मोदी आदि शंकराचार्य की समाधि के दर्शन करने पहुंचे। 12 फीट ऊंची आदि शंकराचार्य की यह प्रतिमा 28 टन वजनी है। इसे मैसूर से चुने गए ग्रेनाइट पत्थरों से बनाया गया है। बता दें कि केदारनाथ धाम के कपाट 27 अक्टूबर और बदरीनाथ धाम के कपाट 19 नवंबर को बंद हो रहे हैं।



सीएम योगी ने पुलिस स्मृति दिवस पर की घोषणा

# पुलिसकर्मियों को मिलेगा 500 रुपए बाइक भत्ता

जय हिन्द संवाद



**लखनऊ।** पुलिस स्मृति दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले प्रदेश के सात अमर शहीद पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने पुलिस के बलिदान को याद करते हुए पुलिस कर्मियों को मिलने वाले दो सौ रुपये साइकिल भत्ते की जगह अब 500 सौ रुपया मोटर साइकिल भत्ता देने की घोषणा की। वहीं डीजीपी ने यूपी पुलिस की कार्य प्रणाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पिछले साढ़े पांच सालों में पुलिस का डीएनए में बदलाव हुआ है। जिससे पुलिस की सक्रियता के चलते प्रदेश में जातीय और संप्रदायिक हिंसा नहीं हुई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने पुलिस स्मृति दिवस पर पिछले एक साल में शहीद हुए सात पुलिस कर्मियों के परिजनों को सम्मानित करते हुए कहा कि पुलिस और सरकार उनके साथ है। यूपी पुलिस की सक्रियता के चलते गुंडा और माफिया राज का अंत हो गया। पुलिस कर्मियों को मिलने वाला साइकिल भत्ता अब मोटरसाइकिल भत्ता के तौर पर दिया जाएगा। जिसमें दो सौ रुपये की जगह पांच सौ रुपये की राशि तय की गई है। इसके साथ ही पेंशन के लिए लोगों को दौड़भाग नहीं करनी करनी होगी। जिसे ई-पोर्टल पर लिंक किया जा रहा है। साथ ही मेडीक्लेम के पांच लाख तक के बिल को डीजी स्तर पर पास करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

डीजीपी डीएस चौहान ने पुलिस स्मृति दिवस के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस की कार्य प्रणाली में लगातार बदलाव हो रहा है।

## अरुणाचल प्रदेश में मिलिट्री का हेलिकॉप्टर 'रुद्र' क्रैश

जय हिन्द संवाद

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले में आज बड़ा हादसा हो गया। यहां के सिंगिंग गांव के पास सेना का हेलिकॉप्टर रुद्र क्रैश हो गया। यह जगह टूटिंग हेडक्वार्टर से 25 किमी दूर है। गुवाहाटी डिफेंस पीआरओ के मुताबिक, आर्मी का हेलिकॉप्टर टूटिंग से 25 किमी दूर सिंगिंग गांव के पास क्रैश हो गया। जहां ये हादसा हुआ, वो सड़क मार्ग से कनेक्टेड नहीं है। हालांकि, रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। बताया जा रहा है कि सेना का हेलिकॉप्टर रुद्र क्रैश हुआ है। सर्च ऑपरेशन जारी है। रुद्र सेना का अटैक हेलिकॉप्टर है। इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने भारतीय सेना के लिए बनाया है। यह हल्के ध्रुव हेलिकाप्टर का वेपन सिस्टम इंटीग्रेटेड एके-वीआई संस्करण है।

# नोएडा पुलिस ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी

## बाजारों को बनाया गया 'नो पार्किंग जोन', ई रिक्शा ऑटो टैंपो बैन

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** धनतेरस, दीपावली और भैयादूज को लेकर शहर के बाजारों अटटा मार्किट सेक्टर 27, इंदिरा मार्किट सेक्टर 27, सेक्टर 18, जीआईपी मॉल, गार्डन गलेरिया मॉल, डीएलएफ मॉल, ब्रहमपुत्र मार्किट सेक्टर 28, लॉजिक्स मॉल सिटी सेंटर, होशियारपुर, शॉप्रिक्स मॉल, सेक्टर 37, बाटिनकल गार्डन, किसान चौक, सूरजपुर, जगतफार्म, परीचौक, कस्बा कासना एवं दादरी आदि में हैवी ट्रैफिक को देखते हुए एडवाइजरी जारी की है।

अटटा मार्किट, इंदिरा मार्किट, सेक्टर 18 मार्किट, डीएलएफ मॉल, सेंटर स्टेज मॉल, गुरुद्वारा, जीआईपी मॉल, गार्डन गलेरिया मॉल एवं आस-पास के सभी मार्गों को नो-पार्किंग जोन बनाया गया है। नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने पर वाहनों को क्रेन द्वारा टो कर लिया जाएगा। यातायात संबंधी असुविधा होने पर हेल्प लाइन नंबर 9971009001 पर सम्पर्क कर सकते है।

अट्टापीर चौक से कार मार्केट सेक्टर-28 एवं अट्टा चौक से अट्टापीर तक दोपहर दो बजे से ई रिक्शा, ऑटो, टैम्पों के आवागमन पूर्णता प्रतिबंध रहेगा। आमजन व वाहन चालक अटटा मार्किट, इन्दिरा मार्किट, ब्रहमपुत्र मार्किट, डीएलएफ मॉल, सेंटर स्टेज मॉल, गुरुद्वारा, जीआईपी मॉल, गार्डन गलेरिया मॉल आदि में आने वाले व्यक्ति अपने वाहनों को इनके अंदर पार्किंग व सेक्टर 18 स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में पार्क कर शॉपिंग करे।

### इन बाजारों में डायवर्जन

अटटा मार्किट सेक्टर 27, इंदिरा मार्किट सेक्टर 27, सेक्टर 18, जीआईपी मॉल, गार्डन गलेरिया मॉल, डीएलएफ मॉल, ब्रहमपुत्र मार्किट सेक्टर 28, लॉजिक्स मॉल सिटी सेंटर, शॉपरिक्स मॉल, होशियारपुर, किसान चौक, सूरजपुर, जगतफार्म, परीचौक, कस्बा कासना एवं दादरी पर आवश्यकतानुसार यातायात का डायवर्जन किया जायेगा।

- अर्ज है

जनाब ...

इनकम टैक्स इंस्पेक्टर से साइबर ठगी: खबर

जनाब-ए-आली

लगता है ये ठग बड़ा नेता बनेगा...!







हक से मांगो! PRIYAGOLD


Breaking

>> नोएडा: डॉग शेल्टर के लिए मिली सैद्धांतिक मंजूरी, 4 जगहों पर बनाने की योजना >> नई दिल्ली: पार्किंग विवाद में युवक को मारी गोली, गिरफ्तार

>> नई दिल्ली: भारत जोड़ो यात्रा का आखिरी चरण कर्नाटक में फिर शुरू >> अयोध्या: पीएम मोदी अयोध्या में 23 अक्टूबर को करेंगे दीपोत्सव का शुभारंभ

# डेंगू का कहर : शिक्षक कक्षा में पढ़ा रहा था

## बेहोश होकर गिरे तो अस्पताल ले गए, मौत हो गई

जय हिन्द संवाद

**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर के प्रतिष्ठित सेंट जोसेफ कालेज के एक शिक्षक की मृत्यु हो गई। वह कक्षा में पढ़ा रहे थे, उसी दौरान बेहोश होकर गिर पड़े। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन जान नहीं बची। शिक्षक की मृत्यु से छात्र व्यथित हैं। शोक में कालेज को दो दिन के लिए बंद कर दिया गया है।

सेंट जोसेफ कालेज में अर्थशास्त्र के अध्यापक थे सुमित कुजुर सेंट जोसेफ कालेज में 32 वर्षीय सुमित कुजुर अर्थशास्त्र पढ़ाते थे। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। प्रधानाचार्य फादर थामस कुमार के अनुसार स्वास्थ्य की जांच में डेंगू की पुष्टि हुई थी। उनका प्लेटलेट घटकर 25 हजार तक पहुंच गया था। दो दिन के अवकाश के बाद स्थिति कुछ सामान्य होने पर गुरुवार को कालेज आ गए। पूंछने पर बोले, विद्यार्थियों



का कोर्स बहुत पिछड़ गया है, कक्षा लेना जरूरी है।

11वीं के बच्चों को पढ़ा रहे थे तभी गिर गए = वह 11वीं के बच्चों को पढ़ा रहे थे तभी गिर पड़े। यह देखकर कक्षा में मौजूद छात्र आवाक रह गए। रोते-बिलखते हुए बच्चे उन्हें बाहर ले आए। विद्यालय प्रबंधन



ने उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए हालांकि तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

बताया गया कि सुमित कुजुर की तीन माह पूर्व ही सेंट जोसेफ कालेज में नियुक्ति हुई थी। वह इसी विद्यालय के छात्र भी रह चुके थे। उनकी मां मोरीन कुजुर भी इसी कालेज में हिंदी और संस्कृत पढ़ाती हैं। उन्होंने बताया कि सुमित का अंतिम संस्कार म्योराबाद कब्रिस्तान में शुक्रवार को किया जाएगा।

प्रयागराज में तेजी से बढ़ रहे डेंगू मरीज = प्रयागराज में डेंगू का तेजी से प्रकोप फैल रहा है। कीटनाशक छिड़काव, फागिंग न होने से बीमारी पर पर्याप्त अंकुश नहीं लग पा रहा है। कई की मौत भी हो चुकी है। अस्पतालों के डेंगू वार्ड में जगह नहीं है लेकिन मरीजों की संख?या बढ़ रही है। डेंगू से सर्वाधिक प्रभावित अशोक नगर, मऊ सरैया, तेलियरगंज, धूमनगंज, करेलाबाग, गोविंदपुर, चिल्ला मलिन बस्ती, राजापुर के विभिन्न इलाके हैं। इनमें रोज ही कहीं न कहीं डेंगू के मरीज मिल रहे हैं। मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। मलेरिया विभाग की रिपोर्ट के अनुसार एक जनवरी से अब तक 610 लोगों को डेंगू हो चुका है इनमें 539 ठीक हो चुके हैं।

# दिल्ली पुलिस ने किया 455 किलो प्रतिबंधित पटाखा जब्त, दो गिरफ्तार

जय हिन्द संवाद

**नई दिल्ली।** दिवाली से चंद दिन पहले दिल्ली पुलिस ने 455 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए हैं और दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों की पहचान शिवराम पार्क निवासी 27 वर्षीय ऋषि और उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद के 28 वर्षीय अमित के रूप में हुई है, जिन्होंने हरियाणा के रोहतक से पटाखे खरीदे थे और उन्हें दिल्ली में बेच रहे थे। आउटर नॉर्थ जिले के डीसीपी समीर शर्मा ने बताया कि शाम करीब 5.20 बजे जब निहाल विहार इलाके में पुलिस की एक टीम गश्त कर रही थी. मंगलवार की शाम उन्होंने देखा कि एक संदिग्ध व्यक्ति अपने सिर पर एक बड़ा सा बैग ले जा रहा है।

उसने तुरंत भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़




लिया गया। उसके बैग की जांच की गई तो उसमें पटाखे थे। उस व्यक्ति की पहचान अमित के रूप में हुई और जब उसे पटाखों के लिए लाइसेंस दिखाने के लिए कहा गया, तो उसके पास एक नहीं था। अमित ने पुलिस को बताया कि उसने शिव राम पार्क इलाके से पटाखे खरीदे थे। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम ने इलाके में छापा मारा और ऋषि को पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए डीसीपी शर्मा ने कहा कि निहाल विहार थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# रिश्ते शर्मसार बच्चा न होने पर पति ने पत्नी को दोस्त के सामने परोसा



जय हिन्द संवाद

**कानपुर।** सचेंडी क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने पति-पत्नी के रिश्ते को कलंकित कर दिया। संतान न होने पर उसने पत्नी को अपने ही दोस्त के सामने परोस दिया। यही नहीं पति ने पत्नी के साथ हुए दुष्कर्म का वीडियो भी खुद इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया।

जानकारी होने पर पीड़िता ने पति और उसके दोस्त के खिलाफ घरेलू हिंसा, आपराधिक षड्यंत्र करना, दुष्कर्म आदि गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

पीड़िता के मुताबिक, उनके कोई संतान नहीं थी। इसको लेकर पति आए दिन ताने मारता और मारपीट करता था। वह चुपचाप यह सब बर्दाश्त करती रही। इस दौरान वह घर पर अपने दोस्त को ले आया और जबरन उससे दुष्कर्म करा अश्लील वीडियो बना लिया, जिसे पति ने ही प्रचलित भी कर दिया। पत्नी के विरोध पर दोनों ने उसे जान से मारने की धमकी देकर वहां से भगा दिया।

# 146 करोड़ का फ्रॉड

## पूर्व प्रबंधक और बिल्डर गिरफ्तार, हैकर की तलाश

जय हिन्द संवाद

**लखनऊ।** हजरतगंज स्थित उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक के मुख्यालय के खाते से 146 करोड़ रुपये के फ्राड के मामले में साइबर थाने की टीम ने पूर्व बैंक प्रबंधक आरएस दुबे और बिल्डर सुखसागर चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। गिरोह से जुड़े तीन साइबर जालसाज और हैकर समेत अन्य की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। एसपी साइबर क्राइम त्रिवेणी सिंह ने जल्द ही गिरोह के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

गिरोह का सरगना मेसर्स भूमिसार कांस्ट्रक्शन एवं सागर सोलर प्राइवेट लिमिटेड का मालिक सुख सागर चौहान है। इसने ही पूर्व बैंक प्रबंधक और साइबर जालसाजों एवं हैकरों के



साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से इतनी बड़ी रकम बैंक के खाते से निकलवाकर आठ खातों में ट्रांसफर करवाई थी। 146 करोड़ की रकम सुख सागर और उसके भाई गंगा सागर व कुछ अन्य फर्मों के बैंक खातों में भेजी गई थी।

घटना की जानकारी मिलते ही साइबर थाने की टीम ने आनन-फानन सभी खाते फ्रीज कर सारी रकम वापस मंगा ली। एसपी साइबरी क्राइम का दावा है कि बैंक के भी कुछ अन्य लोग जो वर्तमान में कार्यरत हैं उनकी भूमिका भी संदेह के घेरे में है। जिसकी जांच की जा रही है।वहीं, बिल्डर सुख सागर चौहान के भाई गंगा सागर की तलाश में भी दबिश दी जा रही है। बैंक के गार्ड से भी इस संबंध में पूछताछ जारी है।

लिखापढ़ी के बाद टीम ने उसे छोड़ दिया है पर अभी उसे क्लीन चिट नहीं दी गई है। पूछताछ जारी रहेगी। पूर्व प्रबंधक आरएस दुबे इंदिरानगर सेक्टर 11 और सुखसागर सिंह चौहान विरामखंड गोमतीनगर का रहने वाला है। एसपी त्रिवेणी सिंह ने बताया कि बीते शनिवार को पूर्व प्रबंधक एक व्यक्ति के साथ बैंक के अंदर सुबह 8=30 बजे गया था। वह व्यक्ति एक बैग भी लिए था। उसमें लैपटाप और कुछ इलेक्ट्रानिक गैजेट्स थे।

आरएस दुबे बैंक के एनएडी में पहुंचा। वहां कंप्यूटर पर बैठकर उसने बैंक के ही दो कर्मचारियों की यूजर आइडी और पासवर्ड का प्रयोग कर साइबर जालसाजों और हैकरों की मदद से सारा रुपया बिल्डर और अन्य के खातों में ट्रांसफर किया था। कुछ साइबर हैकर और अपराधी इनके पीछे भी है। जो बाहर से इस गिरोह के जुड़े थे। उनके बारे में भी कुछ तथ्य पता चले हैं। जिनकी तलाश जारी है।

# हाईवे पर देते थे लिफ्ट, डिग्गी में छिपा साथी नकदी करता था साफ, पांच दबोचे



जय हिन्द संवाद

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली पुलिस ने हाईवे पर लिफ्ट देकर लोगों से लूटपाट और सामान चोरी करने वाले पांच आरोपितों को दबोच लिया। दबोचे गए आरोपितों से 1.52 लाख की नकदी और इको गाड़ी बरामद की।

नई मंडी कोतवाली में एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि एक सूचना के आधार पर नई मंडी कोतवाल सुशील सैनी ने अपनी टीम के साथ इको गाड़ी में सवार पांच महिला-पुरूषों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम नीरज, विजय, शुभम, सुमन और शशि बताए। एसपी सिटी ने बताया कि उक्त लोग हाईवे पर लोगों को गाड़ी में लिफ्ट देकर उनका सामान चोरी करते हैं। दबोचे गए आरोपितों ने हाल ही में सहारनपुर के नागल निवासी एक व्यक्ति का बैग काटकर 3.60 लाख रुपये चोरी किए थे। आरोपितों से उक्त वारदात के 1.52 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। बताया कि आरोपित मेरठ, सहारनपुर समेत अन्य स्थानों पर जाने वाली सवारियों को अपना निशाना बनाते थे। उक्त लोग सवारियों को कम किराए पर छोड़ने का झांसा देते थे। नई मंडी कोतवाल सुशील सैनी ने बताया कि पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वह इको गाड़ी लेकर हाईवे पर घूमते रहते हैं। उनका एक साथी गाड़ी की डिग्गी में पहले से ही छिपा होता है। आरोपित गाड़ी में बैठने वाले लोगों का सामान डिग्गी में रख देते हैं। जहां पर पहले से ही छिपा हुआ आरोपित बैग की चेन काटकर नकदी और अन्य सामान चोरी कर लेता है। इसके बाद बैग की चेन को फेवीक्विक से चिपका देता है।

# अतीक अहमद के खिलाफ पूर्व विधायक राजू पाल हत्याकांड में आरोप तय

जय हिन्द संवाद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के कार्यकाल में माफिया तथा गैंगस्टर के खिलाफ लम्बे पड़े मामलों में भी आरोप तय होने के साथ सजा भी घोषित की जा रही है।

गैंगस्टर मुख्तार अंसारी को दो मामलों में सजा सुनाई गई है, जबकि भदोही के माफिया विजय मिश्रा के बाद अब अतीक अहमद की बारी है। आगरा जेल में बंद विजय मिश्रा को तीन दिन पहले ही हत्या के मामले में दोषी साबित किया गया। अब माफिया अतीक अहमद की मुश्किलें बढ़ गई है। पुलिस के हत्थे चढ़ा साइलेंसर गैंग के बारे में जानकारी देती डीसीपी दक्षिणी मनीषा सिंह।

प्रयागराज के माफिया पूर्व सांसद अतीक अहमद को गुरुवार को सीबीआई स्पेशल एंटी करप्शन कोर्ट ने अतीक अहमद को राजू पाल हत्याकांड में हत्या तथा आपराधिक साजिश के मामले में



आरोप तय कर दिया है। उत्तर प्रदेश के साथ ही अन्य जगहों में 97 केस झेल रहा माफिया अतीक अहमद इन दिनों अहमदाबाद के साबरमती जेल में बंद है। अतीक अहमद को बुधवार को लखनऊ लाया गया। राजू पाल हत्याकांड में आरोप पर सुनवाई के मामले में अतीक अहमद को आज लखनऊ जिला कारागार से सीबीआई स्पेशल एंटी करप्शन कोर्ट में पेश किया गया। प्रयागराज के फूलपुर से समाजवादी पार्टी से लोकसभा के सदस्य रहे अतीक अहमद के खिलाफ राजू पाल की हत्या तथा आपराधिक साजिश में आरोप तय किया गया है।कोर्ट ने इस केस में अगली तारीख तीन नवंबर तय की है। माना जा रहा है कि तीन नवंबर को प्रयागराज के राजू पाल हत्याकांड में अतीक अहमद को सजा सुनाई जाएगी। इस केस में अतीक अहमद के साथ इलाहाबाद पश्चिमी से विधायक रहा उसका भाई अशरफ अहमद भी नामजद था। अशरफ भी कई महीने तक जेल में बंद था। अतीक अहमद के दोनों बेटे भी अपहरण तथा अपहरण की साजिश में जेल में बंद हैं। लंबे समय तक फरारी काटने के बाद दोनों बेटों ने बीते महीने ही लखनऊ में सरेंडर किया था।अतीक के खिलाफ यूपी पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। प्रयागराज के अलावा राजधानी लखनऊ में अतीक और उनके करीबियों पर एक के बाद एक बड़ा एक्शन किया जा रहा है। लखनऊ में ही अतीक की करोड़ों की संपत्ति को कुर्क किया जा चुका है। इसके अलावा यूपी समेत अन्य राज्यों में भी संपत्तियों का ब्यौरा जुटाया जा रहा है।

# नशीला पदार्थ पिलाकर किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, मुंह दबाकर उठा ले गए थे दो युवक



जय हिन्द संवाद

**सुलतानपुर।** धम्मौर थाने के एक गांव की किशोरी को नशीला पदार्थ पिलाकर दो युवकों ने दुष्कर्म किया। उसे बेहोशी की हालत में खेत में छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता की हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

16 वर्षीय किशोरी बीते मंगलवार की रात घर से शौच के लिए निकली थी। पीड़िता के पिता के अनुसार पड़ोस में उसी दिन शादी थी। काफी देर तक जब पुत्री घर नहीं लौटी तो तलाश शुरू की गई। अगले दिन सुबह करीब पांच बजे मिसराने गांव के निकट वह चरी के खेत में बेहोशी की हालत में मिली। उसके कपड़े खून से लथपथ थे। उसे घर लाया गया। होश आया तो उसने बताया कि किशन पुत्र सुंदर लाल व राकेश पुत्र छोटेलाल मुंह दबाकर जबरन उठा ले गए थे। मारा पीटा और नशीला पदार्थ पिलाकर दोनों ने जबरन दुष्कर्म किया। घटना का जिक्र किसी से करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। बीते बुधवार की रात जब किशोरी की तबीयत बिगड़ी और मामला तूल पकड़ा तो पुलिस को सूचना दी गई। वह उसे लेकर अस्पताल आई। धम्मौर थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने एनसीटी में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार किया

जय हिन्द संवाद

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक जनवरी 2023 तक पटाखों के निर्माण और बिक्री और खरीद पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने कहा कि जैसा कि एक समान मामला सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित है, पीठ के लिए अभी याचिका पर सुनवाई करना उचित नहीं होगा। याचिकाकर्ता शिवा फायरवर्क्स और अन्य ने अधिवक्ता प्रांजल किशोर और अमन बंसल के माध्यम से एक याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता ग्रीन पटाखों की बिक्री, खरीद और भंडारण में लगे हुए हैं।हाईकोर्ट ने कहा कि उसके लिए याचिका पर सुनवाई करना




उचित नहीं होगा क्योंकि यह मामला फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता गोपाल राय ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने इस साल पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और फोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है और साथ ही 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है. / या उल्लंघन के मामले में तीन साल के लिए कारावास। मंत्री ने यह भी कहा कि दिवाली तक पटाखे फोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 268 के तहत 200 रुपये जुर्माना और / या 6 महीने की जेल का प्रावधान है। कहा। सुप्रीम कोर्ट और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के हालिया आदेशों के आधार पर, हरियाणा सरकार ने हरित पटाखों को छोड़कर सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर रोक लगाने का निर्देश दिया।

# मां की तेरहवीं की चल रही थी तैयारी बेटे को हुआ हार्ट अटैक, मौत



जय हिन्द संवाद

**बागपत।** चक्रसैनपुर मोहल्ला में मां की तेरहवीं पर बेटे की हार्ट अटैक से मौत हो गई। इससे स्वजन में कोहराम मच है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटने से मोहल्ले में भी मातम छा गया है।

मोहल्ले में नंदलाल का परिवार रहता है। नंदलाल का वर्षों पहले ही निधन हो चुका है। गत 10 अक्टूबर को नंदलाल की पत्नी ब्रह्मदेवी (90) का बीमारी से निधन हो गया था। गुरुवार को घर पर उनकी तेरहवीं कार्यक्रम की तैयारी चल रही थी। इसी बीच बेटे यशपाल (57) को हार्टअटैक आ गया। स्वजन यशपाल को चिकित्सक के पास ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। मां के बाद बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

# प्रधानाचार्य ने सहायक अध्यापक को पीटा

जय हिन्द संवाद

**बाराबंकी।** उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर करने को लेकर प्रधानाचार्य व सहायक अध्यापक आपस में भिड़ गए। विद्यालय के कार्यालय में दोनों के बीच कहासुनी शुरू हुई। प्रधानाचार्य ने सहायक अध्यापक को बरामदे में घसीटकर बच्चों के सामने पिटाई की। विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने बीच-बचाव कराया। सूचना पीआरवी को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची तो प्रधानाचार्य नदारद मिले। उधर, बीएसए संतोष देव पांडेय ने बीइओ से प्रकरण की रिपोर्ट तलब की है। बीइओ ने छुट्टी पर होने का हवाला देकर विद्यालय संकुल प्रभारी को भेजने की बात कही है। कई विद्यालय के शिक्षक मौके पर पहुंचे। दोनों पक्ष थाने में मौजूद हैं। दरियाबाद के प्राथमिक विद्यालय पतुलकी में प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार व सहायक



अध्यापक अभिनव सिंह के बीच उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर करने को लेकर विवाद हो गया। सहायक अध्यापक का आरोप है कि हस्ताक्षर बनाने को लेकर हुई कहासुनी के बाद प्रधानाचार्य ने मारपीट की। कार्यालय से घसीटकर बरामदे में पिटाई की गई। दो शिक्षकों में मारपीट के दौरान बच्चे भी सहम गए। विद्यालय के अन्य स्टाफ ने बीच-बचाव कराया।

सहायक अध्यापक ने मामले की सूचना पीआरवी को दी। पीआरवी के मौके पर पहुंचने पर प्रधानाचार्य विद्यालय से नदारद मिले। पुलिस से बताया गया कि मारपीट के बाद वह विद्यालय से गांव की ओर चले गए। घटना के बाद कई विद्यालय के शिक्षक मौके पर पहुंचे। विद्यालय में तहरीर लिखी गई। इसके बाद सहायक अध्यापक को लेकर शिक्षक थाने गए। बीइओ प्रमोद उपाध्याय ने बताया कि मामला संज्ञान में है। वह छुट्टी पर हैं, संकुल प्रभारी को मौके पर भेजा गया है। दोषी शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बीएसए संतोष देव पांडेय ने बताया कि प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई होगी। थानाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद शुक्ल ने बताया कि दोनों पक्ष से तहरीर मिली है। मारपीट का आरोप लगाया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# हेड कांस्टेबल साहब सिंह का दिल का दौरा पड़ने से निधन

जय हिन्द संवाद

**सहारनपुर।** चिलकाना थाने से तामील कराने गए हेड कांस्टेबल साहब सिंह का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। थानाध्यक्ष सत्येंद्र राय के अनुसार हेड कांस्टेबल साहब सिंह 19 अक्टूबर को थाने से जनपद शामली एवं जनपद बागपत से संबंधित सरकारी कागजात लेकर तामील कराने गए थे। शाम को शामली मे तामील कराने के बाद रात में बागपत जाते समय रास्ते मे हार्ट अटैक आ गया। हेड कांस्टेबल के घर वालों ने रात में उसे स्थानीय चिकित्सक को दिखाया। आराम न मिलने पर रात में ही मृतक के स्वजन मेरठ ले गए। इलाज के दौरान गुरुवार सुबह हेड कांस्टेबल की मौत हो गयी। हेड कांस्टेबल जनपद बागपत के थाना छपरौली



के अंतर्गत ग्राम काकोर के मूल निवासी थे। हेड कांस्टेबल की मौत की सूचना मिलते ही थाने मे शोक छा गया। दो मिनट का मौन धारण कर शोक प्रकट किया गया। थानाध्यक्ष सत्येंद्र राय ने हेड कांस्टेबल की मौत को बड़ी क्षति बताया।

# ग्रेनो प्राधिकरण का बकाया भुगतान जल्द न किया तो रद्द होगा आवंटन

## सीईओ रितु माहेश्वरी ने सभी विभागों के साथ की समीक्षा बैठक

जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नोएडा।** बकाया भुगतान न करने वाले बकाएदारों पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। इन आवंटियों के आवंटन रद्द किए जाएंगे। सबसे पहले संपत्ति से सभी विभागों के बड़े बकाएदारों पर कार्रवाई की जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने वित्त एवं संपत्ति से जुड़े सभी विभागों की समीक्षा की, जिसमें यह बात सामने आई कि कई आवंटी ऐसे हैं जिन्होंने प्राधिकरण से प्लॉट लेकर बैठे हुए हैं। इनमें बिल्डरों के साथ ही, औद्योगिक, संस्थागत, आईटी व वाणिज्यिक सभी शामिल हैं। ये आवंटी न तो प्रोजेक्ट बना रहे हैं और न ही प्राधिकरण का बकाया भुगतान राशि जमा कर रहे हैं। उनकी कई किश्तें डिफॉल्ट हो चुकी है। इससे यह पता चलता है कि ये आवंटी न तो प्रोजेक्ट कंपलीट करने के इच्छुक हैं और न ही प्राधिकरण का बकाया धनराशि देना चाह रहे हैं।

■ **15 दिन का अंतिम मौका देकर आवंटन रद्द करने के दिए निर्देश**

इसे देखते हुए सीईओ ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि जिन बकाएदारों को तीन या उससे अधिक नोटिस जारी की जा चुकी है, उनका आवंटन शीघ्र रद्द करें और जिन बकाएदारों को तीन नोटिस नहीं गई है, उनको नोटिस भेजकर 15 दिन का अंतिम अवसर दें।

अगर इस अवधि में वे भुगतान नहीं करते हैं तो उनके भी आवंटन रद्द कर दिए जाएं। उन्होंने 31 अक्तूबर तक सभी विभागों को बड़े बकाएदारों की सूची तैयार करने व उनको अंतिम नोटिस जारी करने की प्रक्रिया को पूरी कर लेने निर्देश दिए हैं। 31 अक्तूबर के बाद ऐसे सभी आवंटियों के आवंटन रद्द किए जाएंगे। सीईओ ने सबसे पहले एक करोड़ व इससे अधिक धनराशि के बकाएदारों के आवंटन रद्द करने को कहा है। इसके बाद एक करोड़ रुपये से कम के बकाएदारों पर यह कार्रवाई की जाएगी। सीईओ रितु माहेश्वरी का कहना है कि अगर ये बकाएदार भुगतान कर दें तो ग्रेटर नोएडा का विस्तार करने के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत किया जा सकता है। ग्रेटर नोएडा को गति देने वाली की कई बड़ी परियोजनाएं शुरू की जा सकती हैं।

## 64 आवासीय भूखण्डों की ई-आक्शन की कार्यवाही सम्पन्न

**नोएडा।** नौएडा की आवासीय भूखण्ड योजना 2022 की दूसरे दिवस की 64 आवासीय भूखण्डों की ई-आक्शन की कार्यवाही सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। प्रथम पाली समय पूर्वाहन 11.00 बजे से अपरान्ह 2.40 बजे तक 38 भूखण्डों का तथा द्वितीय पाली समय अपरान्ह 3.00 बजे से अपरान्ह 6.40 बजे तक 26 भूखण्डों के ई-आक्शन की कार्यवाही सम्पन्न हुई । ई-आक्शन में आवेदको द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया एवं आरक्षित मूल्य पर आकर्षक वृद्धि करते ह ुए उच्चतम मूल्य हेतु बोली लगाई गई। अवशेष आवेदको को सूचित किया जाता है निर्धारित समय पर ई-आक्शन की कार्यवाही सम्पन्न की जायेगी। ऐसा प्रतीत होता है कि कतिपय आवेदको द्वारा ध्यानपूर्वक बोली की धनराशि अंकित नही किये जाने के कारण त्रुटिपूर्ण बिड सबमिट कर दी जा रही है, जिसके सम्बन्ध म अन्य आवेदको द्वारा शिकायत की जा रही है। अतः आवेदको से पुनः अपील है कि ई-आक्शन में बिड करते समय बिड धनराशि को सतर्कता पूर्वक जा ंच करने के उपरान्त ही बिड सबमिट करें, अन्यथा योजना के ब्रा ेशर की नियम एवं शर्तो के अनुसार ई0एम0डी0 की धनराशि जब्त हो जायेगी।

## स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए किया सेमिनार

जय हिन्द संवाद



**नोएडा।** ग्राम इलाहाबास में युग धारा फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा महिलाओं को उनके स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए किया गया सेमिनार। जिसमें कम से कम 100 से ज्यादा महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की संरक्षक श्रीमती विमलेश शर्मा जी ने की। इस कार्यक्रम में मदरहुड क्लब की एकता ,इला पचोरी, स्नेहा दत्त और भोर लिविंग ह्यूमैनली संस्था से डॉक्टर सुनीता जेटली जी ने महिलाओं को उनके स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में बताया। डॉ सुनीता जेटली ने महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर के लक्षणों उसकी जांच और उससे बचाव के तरीके महिलाओं के साथ साझा किए. संस्था की संरक्षक श्री तृप्ता मल्होत्रा जी ने बताया कि प्रत्येक महिला के लिए उसका स्वस्थ रहना कितना आवश्यक है। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती श्वेता त्यागी ने बताया कि संस्था द्वारा इस तरह के सेमिनार हर महीने कराए जायेंगे और महिलाओं को जागरूक करने के लिए संस्था सदैव तत्पर रहेगी। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटे गए। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुषमा अवाना, राष्ट्रीय सचिव श्री रीनू शर्मा, रंजना तिवारी, मंजू मेहता, सिम्मी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग किया।

## घर और आसपास के क्षेत्र को बनाएं स्वच्छ : एसीईओ

जय हिन्द संवाद



**ग्रेटर नोएडा।** हर घर सीवर कनेक्शन अभियान के अंतर्गत बृहस्पतिवार को डाढ़ा गांव में सीवर कनेक्शन शिविर लगाया गया।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ अमनदीप डुली ने इस शिविर का जायजा लिया। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए एसीईओ ने कहा कि घर और अपने आसपास के एरिया को स्वच्छ बनाने के लिए सीवर कनेक्शन लेना जरूरी है। इससे सीवर आसानी से प्लांट तक पहुंचेगा और ट्रीट हो सकेगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी के निर्देश पर प्राधिकरण की तरफ से हर घर सीवर कनेक्शन का अभियान चलाया जा रहा है। अब तक बिरौंडी चक्रसेनपुर, तुगलपुर, बिरौंडी ताजपुर, हल्दौना, डाबरा, गुर्जरपुर में शिविर लगाया जा चुका है। बृहस्पतिवार को डाढ़ा में शिविर आयोजित किया गया, जिसमें शामिल प्राधिकरण के एसीईओ अमनदीप डुली ने सीवर कनेक्शन के फायदे गिनाते हुए कहा कि इससे आसपास की नालियां साफ रहेंगी। आपके घर व आसपास स्वच्छता बनी रहेगी।

एसीईओ ने सभी ग्रामीणों से इस निशुल्क सीवर कनेक्शन शिविर का लाभ उठाते हुए कनेक्शन लेने की अपील की। वहीं, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक कपिल सिंह के नेतृत्व में टीम ने डाढ़ा गांव में घर-घर जाकर सीवर कनेक्शन लेने के लिए जागरूक किया। बता दें कि शुक्रवार ( 21 अक्टूबर) को ब्रह्मपुर गजरौला व सूरजपुर , 22 अक्टूबर को जुनपत व मलकपुर, 25 अक्टूबर को घोड़ी बछेड़ा व मुबारकपुर, 27 अक्टूबर को कयामपुर व लखनावली, 28 अक्टूबर को बेगम पुर व खानपुर , 29 अक्टूबर को मथुरापुर व सुथियाना, 31 अक्टूबर को हबीबपुर व रायपुर बांगर , 01 नवंबर को हल्दौनी व सिरसा, 02 नवंबर को जलपुरा व नवादा, 03 नवंबर को फतेहपुर रामपुर व कुलेसरा, 04 नवंबर को चुहड़पुर खादर व सादोपुर और 05 नवंबर को नामोली में शिविर लगाए जाएंगे।

## अवेयरनेस प्रोग्राम में इन्वेस्टर ने दिखायी रुचि

जय हिन्द संवाद



**नोएडा।** मिराए ऐसेट म्यूचूअल फंड द्वारा की गयी इन्वेस्टर अवेर्नेस प्रोग्राम में इन्वेस्टर ने बहुत रुचि दिखायी। म्यूचूअल फंड दीपक बग्गा-हेड रीटेल मिराए ऐसेट के सहयोग से यह समारोह सम्भव हो पाया।

यह कार्यक्रम 16 अक्तूबर 2022 को 1 बजे अपराह्न होटेल बेल्मॉंट सेक्टर 37 नॉएडा में आयोजित किया गया।उसमें भूतपूर्व आईएएस देवदत्त शर्मा, भाजपा महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, मोहम्मद आज़ाद वरिष्ठ पत्रकार एवं जाने माने उध्यमी, भूतपूर्व ब्रिगडीर एलके आहूजा, सीऐ। राकेश सिंह , सीऐ आदित्य गोया, सीए केसी अग्रवाल , सीए सुबोध गर्ग , राजवीर सिंह , श्योदन सिंह अभियंता, सुखबीर सिंह , श्वेता भाटिया, डॉक्टर सुनीता गुप्ता , आयकर अधिकारी शशिप्रभाकर , लवी गर्ग , मान सिंह, सचिन मावि, अजय अरोरा, आदि गड़मान्य निवेशकों ने भाग लिया तथा अपने प्रश्नो का स्पष्टिकारन जाना ।



**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के फौरन बाद विधायक अब्बास अंसारी सैफई पहुंचे। जहां उन्होंने मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी। अब्बास अंसारी घंटो अखिलेश यादव के साथ बैठे रहे।

## मकान का ताला तोड़कर नगदी और जेवरात चोरी

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कस्बे में बदमाश मकान का ताला तोड़कर नकदी और जेवरात चोरी कर ले गए। परिवार के सभी लोग गाजियाबाद एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। गुरुवार की सुबह वह वापस लौटे तो घर का सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा मिला। इसके बाद उन्हें चोरी की घटना के बारे में पता चला। पीड़ित ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। घर के बाहर लगे सीसीटीवी में चोर कैद हुए हैं। सूरजपुर कस्बे में शकील परिवार के साथ रहते हैं। वह बुधवार की शाम परिवार के साथ गाजियाबाद में शादी समारोह में गए थे। इसी बीच बदमाशों ने उनके मकान का ताला तोड़कर 15 हजार रुपये और सोने-चांदी गहने चोरी कर लिए। गुरुवार सुबह वह वापस घर पहुंचे तो चोरी की घटना के बारे में पता चला।

## आईएमएस में दीपोत्सव का आयोजन





जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा में दीपोत्सव का आयोजन हुआ। बृहस्पतिवार को सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्टाफ एवं फैकल्टी के लिए रंगोली प्रतियोगिता, लोक नृत्य, लोक गीत के साथ-साथ दिवाली हाट भी लगाया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान आईएमएस के प्रसिडेंट राजीव कुमार गुप्ता, निदेशिका डॉ. कुलनीत सूरी, डीन मेजर नुपुर गुप्ता के साथ सभी स्टाफ एवं फैकल्टी अपनी मौजूदगी दर्ज करायी।

स्टॉफ, फैकल्टी एवं छात्रों को उनके सुखद एवं समृद्ध जीवन की कामना करते हुए संस्थान के प्रेसिडेंट राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार दीपावली हम सभी के जीवन में खुशियां एवं उन्नति लाए। वहीं आईएमएस की निदेशिका डॉ. कुलनीत सूरी इस दिवाली सभी से पर्यावरण अनुकूल एवं प्रदूषण रहित दीपोत्सव मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सभी दिवाली के मौके पर मिट्टी के दिए जलाकर अपनी-अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के साथ खुशियों का इजहार करें।

वहीं आईएमएस द्वारा आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान संस्थान के सभी विभागों ने रंगोली प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। संस्थान की फैकल्टी ने रैंप वॉक, गीत-संगीत एवं अपने नृत्य के माध्यम से कार्यक्रम में चार चांद लगाए। कार्यक्रम के अंत में आईएमएस की निदेशिका डॉ. कुलनीत सूरी के साथ सभी स्टाफ एवं फैकल्टी ने एक दूसरे को दीपावली की बधाई दी।

## ईश्वर दर्शन से जीवन का हर एक क्षण उत्सव बन जाएगा : साध्वी कालिंदी भारती

जय हिन्द संवाद

**नई दिल्ली।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा श्रीमद्भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के भव्य आयोजन का भावपूर्ण समापन हुआ। कथा के अंतिम दिवस साध्वी कांलिदी भारती ने श्री कृष्ण और रुक्मिणी विवाह का विस्तारपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि देवी रुक्मिणी जी भी ब्राह्मण की सहायता से ही श्रीकृष्ण से मिल पाई।

श्रीकृष्ण-रुक्मिणी के विवाह उत्सव में सभी श्रद्धालुगण खुश होकर झूमे और नाचे, ऐसे ही पूर्ण गुरु द्वारा ईश्वर दर्शन होने पर आत्मा भी आनन्दमग्न हो नाच उठती है और फिर जीवन का हर दिन आनंद उत्सव बन जाता है! आत्मा और परमात्मा का मिलन है यह विवाह, जो भक्त को भगवान की शाश्वत भक्ति से जोड़ता है!

इस अवसर पर दीप प्रज्वलित करते हुए श्री तेजपाल सिहँ नागर जी मा.विधायक दादरी,श्री सुरेश के चव्हाण चैयरमैन सुदर्शन न्यूज चैनल, श्री मदन चौहान पू.मँत्री, सँयोजक श्री मानसिहँ चौहान श्री करतार सिहँ चौहान, बिजेन्द्र सिहँ मुँशी जी,डा.वी.एस.चौहान मुख्य यजमान, राकेश चौहान, मुकुल वाजपेई मिडिया प्रभारी,योगेन्द्र चौहान,श्री सतेन्द्र नागर, ओमबीर भाटी ,सुमेर रावत,चेतन चौहान आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्थान के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए साध्वी जी ने कहा कि पंजाब में गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी ने उस समय संस्थान की शुरुआत की जब चारों और आतंकवाद की घोर कालिमा थी।

■ **दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान का उद्देश्य धर्म को व्यवसाय बनाना नहीं बल्कि ब्रह्मज्ञान के माध्यम से धर्म को जन-जन में प्रचारित करना है**

उस समय चंद लोगों को लेकर शुरु हुआ यह संस्थान आज विश्व स्तरीय ख्याति प्राप्त कर चुका है जिसके करोड़ों की संख्या में अनुयाई हैं। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान का उद्देश्य धर्म को व्यवसाय बनाना नहीं बल्कि ब्रह्मज्ञान के माध्यम से धर्म को जन-जन में प्रचारित करना है क्योंकि धर्म प्रदर्शन नहीं अपितु दर्शन का विषय है। आध्यात्मिक व सामाजिक तथ्यों से परिपूर्ण इस विलक्षण व सीयू रोचक कथा को श्रवण कर नोएडा वासी आनंद विभोर हो उठे।

## प्राधिकरण से छठ घाटों को लेकर निर्माण की मांग की

जय हिन्द संवाद



**नोएडा।** अखिल भारतीय प्रवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व श्री सूर्यदेव पूजा समिति के अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने नौएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु महेश्वरी से सूर्योपासना के महान पर्व छठ पूजा के अवसर पर भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए नोएडा के विभिन्न क्षेत्रों में छठघाटों का निर्माण कराने की मांग की है।उन्होंने छठघाटों में स्वच्छ जल,प्रकाश,सफाई आदि की उत्तम व्यवस्था करने की मांग की है।उन्होंने प्राधिकरण सीईओ से कहा है कि छठ पूजा सूर्योपासना का महानतम पर्व है।नोएडा में रहने वाले बिहार-पूर्वांचल के लाखों लोग लोक आस्था के महापर्व छठ को धूमधाम से मनाते हैं। उन्होंने कहा कि 30 एवं 31 अक्टूबर को हजारों छठव्रती छठघाटों में प्रवेश कर भगवान भास्कर को जल और दूध अर्पण करेंगे।इसलिये छठघाटों में स्वच्छ जल, प्रकाश एवं सफाई की उत्तम व्यवस्था की जाए।उन्होंने कहा कि छठव्रतियों को अर्घ्य अर्पित करने में सहयोग मात्र से भगवान सूर्य का आशीर्वाद मिलता है।

श्री सूर्यदेव पूजा समिति के अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि अर्घ्य हेतु सेक्टर-75 में गोल्फसिटी, प्लाट-8 और पंचशील प्रतिष्ठा के बीच सेंट्रल पार्क में तालाब का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

साथ-ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी तैयारी चल रही है।सेक्टर-75 के सेंट्रल पार्क में क्षमा पांडेय, प्रीति प्रकाश, पिंकी मंडल, देवेश कुंदन सहित प्रख्यात गायकों और गायिकाओं के द्वारा भोजपुरी, हिंदी, मैथिली, मगही, अंगिका,पंजाबी सहित कई भाषाओं में गीत-संगीत का भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा।

## कंपनी के बाहर कर्मचारियों ने किया हंगामा

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** फेज-2 थाना क्षेत्र के सी ब्लॉक होजरी कॉम्प्लेक्स की कंपनी के कर्मचारियों ने जमकर हंगामा किया। वेतन न मिलने पर कर्मचारियों ने कंपनी के बाहर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और काम बंद कर दिया। मामले की सूचना मिलने के बाद एसीपी अब्दुल कादिर पुलिस टीम सहित मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कर्मचारियों को समझा-बुझाकर शांत किया।

होजरी कॉम्प्लेक्स में किताब छापने की कंपनी है। कंपनी में करीब 250 कर्मचारी काम करते हैं। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। वे करीब 20 दिनों से प्रबंधन के सामने वेतन की गुहार लगा रहे हैं। इसके बावजूद कंपनी के मालिक पर कोई असर नहीं हुआ।

इससे नाराज कर्मचारियों ने गुरुवार को कंपनी के बाहर जमकर हंगामा किया। उन्होंने काम बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने वेतन न मिलने तक किसी को कंपनी के अंदर जाने से रोक दिया। सूचना मिलने के बाद एसीपी अब्दुल कादिर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारी ने कर्मचारियों की समस्या को सुना। उन्होंने कर्मचारियों से बात कर उन्हें शांत किया।

## कांग्रेस मुख्यालय में राजस्थान के पदाधिकारियों का हुआ चयन

जय हिन्द संवाद

**नई दिल्ली।** राजस्थान से आए हुए साथियों के साथ कांग्रेस मुख्यालय 24, अकबर रोड पे डॉक्टर उदित राज की अध्यक्षता में मीटिंग हुई जिसमे राजस्थान के पदाधिकारियों का चयन हुआ जिसने परदेश चेयरमैन करदम और परदेश महासचिव अय्यूब इदरीसी को बनाया गया साथ ही और भी साथियों की नियुक्ति की गई। सभी साथियों को मुबारक बाद दी गई और कैमरे उस बेहतरीन पल को कैद भी किया गया साथ ही सभी साथियों के साथ जाकर नवनियुक्त कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे साहब से मुलाकात भी कराई गई।





# दैनिक जय हिन्द जनाब

शुक्रवार, 21 अक्टूबर , 2022


## चीनी अड़ंगा

भारत और अमेरिका ने पाकिस्तान स्थित लश्कर के आतंकी शाहिद महमूद को वैश्विक आतंकी सूची में डालने का संयुक्त राष्ट्र के सामने प्रस्ताव रखा था, मगर चीन ने उसमें अड़ंगा डाल दिया। अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने शाहिद महमूद और लश्कर के एक और आतंकी मोहम्मद सरवर को लश्कर-ए-तैयबा के लिए धन जुटाने और नेटवर्क स्थापित करने के आरोप में प्रतिबंधित कर दिया था। अब शाहिद को वैश्विक आतंकवादियों की सूची में डालने का प्रस्ताव रखा गया था। मगर जैसा कि चीन सदा से पाकिस्तान के प्रति मोह के चलते करता आया है, उसने इस प्रस्ताव पर विरोध जाहिर कर दिया। संयुक्त राष्ट्र के नियमों के मुताबिक अगर उसका एक भी सदस्य किसी मसले पर विरोध जताता है, तो उस पर सहमति नहीं मानी जाती। इससे पहले भी पाकिस्तान में पनाह पाए कई आतंकियों को वैश्विक सूची में डालने के प्रस्ताव पर चीन अपनी असहमति जाहिर कर चुका है। इससे साफ है कि वह पाकिस्तान में पनप रहे आतंकवाद को आतंकवाद नहीं मानता। ऐसा नहीं कि केवल भारत आतंकवाद से जूझ रहा है, दुनिया के तमाम देशों में इसके जख्म हैं। इसीलिए अंतरराष्ट्रीय बिरादरी ने दुनिया भर से आतंकवाद खत्म करने के लिए हाथ मिलाया था। चीन भी उनमें शामिल है। यों संयुक्त राष्ट्र का मकसद ही है अपने सदस्य देशों में युद्ध रोकना, आतंकवाद जैसी समस्याओं को समाप्त कर शांति की स्थापना करना। मगर चीन को जब भी अपने स्वार्थ नजर आते हैं, वह इन बुनियादी सिद्धांतों और सरोकारों से मुंह मोड़ लेता है। वह इस बात से अनजान नहीं माना जा सकता कि पाकिस्तान में आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर चलते हैं। इसके अनेक पुख्ता प्रमाण हैं। मुंबई हमले से जुड़े ढेरों दस्तावेज अंतरराष्ट्रीय मंचों के सामने हैं, फिर भी जब उसके सरगना को वैश्विक आतंकी सूची में डालने का प्रस्ताव रखा गया, तो चीन ने उसके विरुद्ध मतदान किया। चीन के इस रुख पर दुनिया भर में हैरानी प्रकट की जाती रही है और आलोचना भी होती है कि इस तरह वह वैश्विक आतंकवाद से लड़ने में कैसा सहयोग कर रहा है। मगर खासकर पाकिस्तान में जड़ें जमाए आतंकवादी संगठनों के प्रति उसका रुख नरम ही देखा जाता है।दरअसल, पाकिस्तान के जरिए चीन भारत पर दबाव बनाए रखना चाहता है। हिंद प्रशांत क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बनाए रख कर वह भारत पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाए रखने का प्रयास करता है। ऐसा उसे पाकिस्तान को अपने पाले में रख कर ही कर पाना संभव है। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, इसलिए चीन ने उसकी काफी वित्तीय मदद की है, जिसके बदले उसने पाकिस्तान में कई सामरिक परियोजनाएं भी शुरू की हैं। यही रणनीति उसने श्रीलंका में अपना रखी है। नेपाल को भी उसने अपने पाले में खींचने की भरपूर कोशिश की थी।

इस तरह वह भारत को चारों ओर से घेरने की कोशिश करता रहा है। ऐसे में अगर वह पाकिस्तान में रह रहे आतंकियों को वैश्विक आतंकवादी सूची में शामिल करने पर सहमति जताएगा, तो उसका समीकरण गड़बड़ हो सकता है। पाकिस्तान में पल रहा आतंकवाद एक तरह से चीन की रणनीति के अनुकूल है। मगर वह शायद इस बात को भूल जाता है कि इसी तरह कभी अमेरिका ने भी पाकिस्तान में आतंकवाद को पोसा था, जो अब उस पर भारी पड़ रहा है।

# मंदी की आशंकाओं के बीच



बड़ी कंपनियां भी ऐसी स्थिति में अपने कर्मचारियों की संख्या में कमी करने पर विवश हो जाती हैं। यानी महंगाई के साथ बेरोजगारी भी बढ़ने लगती है।दुनिया एक बार फिर आर्थिक मंदी का सामना कर सकती है। विश्व बैंक के समूह अध्यक्ष डेविड मालपास ने कहा है कि 'अर्थव्यवस्था के मामले में वैश्विक उन्नति की रफ्तार कम हो रही है। अगर ऐसा ही रहा तो अधिकांश देशों को आर्थिक मंदी का सामना करना पड़ेगा। इसके दूरगामी प्रतिकूल परिणाम होंगे, जिसका सबसे बुरा असर विकासशील अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ेगा।' विश्व व्यापार संगठन की मुखिया नगोजी ओकोंजो आइवियेला ने भी कहा है कि दुनिया तेजी से आर्थिक मंदी की ओर सरक रही है।

आर्थिक क्षेत्र से जुड़े दुनिया के शीर्ष संगठनों के पदाधिकारियों का डर बेबुनियाद नहीं हो सकता। दुनिया भर में केंद्रीय बैंक अपनी ब्याज दरें बढ़ाने लगे हैं। बड़े-बड़े प्रतिष्ठानों ने अपने उत्पादनों को सीमित कर दिया है। बाजार में खरीदारों का उत्साह मंद पड़ गया है। डालर के मुकाबले दुनिया भर की मुद्राएं हांफने लगी हैं। अमेरिका, चीन और यूरो मुद्रा वाले देशों को दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक ताकतों में गिना जाता है और इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक मंदी के आसार लगातार प्रबल होते जा रहे हैं। केवल रुपए की कीमतों पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ रहा, पौंड, यूरो, युआन, येन भी थरथराते से दिखने लगे हैं। जो देश खाद्य पदार्थों और तेल का आयात करने पर विवश हैं, उनकी हालत भी मंदी की संभावनाओं को देखते हुए पतली होने लगी है।

दरअसल, लोगों की क्रयशक्ति अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा संबल होती है। खुली अर्थव्यवस्था ने इसीलिए उपभोक्तावाद को जम कर प्रोत्साहित किया है। लोगों में अपने सामर्थ्य से बढ़ कर चीजों को खरीदने की प्रवृत्ति बढ़ी है, क्योंकि आसान किश्तों पर महंगी चीजें दिलाने के लिए बाजार में आसान ऋण की सुविधा उपलब्ध है। मगर जब मंदी की आहट सुनाई देने लगती है तो ज्यादा से ज्यादा निवेश आकर्षित करने के लिए केंद्रीय बैंक अपनी ब्याज दरों को बढ़ा देते हैं। इससे ऋण महंगे होते हैं। उपभोक्ता पर किश्तों का भार बढ़ता है। बढ़ी हुई किश्तें जेब की सामर्थ्य को चुनौती देती प्रतीत होती हैं।

यही कारण है कि यूरोप के कई देशों में खरीदारी के प्रति लोगों का उत्साह उदासीनता में बदल गया है। अमेरिका इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। वहां महंगाई लगातार बढ़ रही है और लोगों की तनख्वाह में उसके अनुसार बढ़ोतरी नहीं हुई है। परिणाम यह हुआ कि लोगों ने महंगे उत्पाद खरीदने के बजाय अपने धन की बचत पर ध्यान देना शुरू कर दिया है। इससे स्थिति और बिगड़ी है, क्योंकि सहजता से बाजार में प्रवाहित होने वाला पैसा अब खामोशी से कहीं ठहरने लगा है। ब्याज दरें बढ़ने से व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

जब बाजार में कच्चे माल की कीमतें बढ़ती हैं, तो उत्पाद की कीमतों पर असर पड़ता है, उधर ढांचागत विकास के लिए लिए गए ऋण पर बढ़ी ब्याज दरों का भुगतान भी अंततः करना तो उपभोक्ताओं को ही होता है। ऐसे में सारे यूरोप और अमेरिका में दाम आसमान पर चढ़ रहे हैं। ब्रिटेन सरकार ने हालात से निबटने के लिए करों की दरों में व्यापक कटौती करके जनता को राहत देने की घोषणा की है, लेकिन वह इससे होने वाले राजकोषीय घाटे की भरपाई का कोई तरीका अभी तक नहीं सोच सकी है। इस तरह सरकारी खजाने पर पड़ने वाला बुरा असर कल्याणकारी योजनाओं या विकास कार्यों पर प्रतिकूल असर डाल सकता है।

जब भी दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं में सकल घरेलू उत्पाद की दर लगातार घटने लगती है, तो उस स्थिति को तकनीकी तौर पर आर्थिक मंदी कहा जाता है। यानी जब किसी देश की अर्थव्यवस्था बढ़ने के बजाय नीचे की ओर गतिशील होने लगे तो इसे आर्थिक मंदी का सूचक माना जाता है। जब आर्थिक मंदी बढ़ती है तो उपलब्ध मुद्रा का बाजार मूल्य लगातार कम होने लगता है, जबकि बाजार में उत्पाद और सेवाओं के दाम बढ़ने लगते हैं। बड़ी कंपनियां भी ऐसी स्थिति में अपने कर्मचारियों की संख्या में कमी करने पर विवश हो जाती हैं। यानी महंगाई के साथ बेरोजगारी भी बढ़ने लगती है। अनिश्चय की स्थिति निवेश और शेयर बाजार को भी प्रभावित करती है।

आजादी के बाद भारत सन 1958, 1966, 1973 और 1980 में आर्थिक मंदी का सामना कर चुका है। सन 1957-58 में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर न केवल कम हुई थी, बल्कि ऋणात्मक 1.2 हो गई थी। इसका कारण अप्रत्याशित रूप से बढ़े हुए आयात को माना गया। फिर 1965-66 में भयानक सूखा पड़ा, तो उसने भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी तोड़ दी। 1973 में अरब देशों के तेल उत्पादक संघ 'ओपेक' ने जब उन देशों को तेल का निर्यात करने से इनकार कर दिया था, जो योम किप्पूर युद्ध में इजराइल का साथ दे रहे थे, तो इसकी मार भारत पर भी पड़ी।

उस समय तेल की कीमतें चार सौ प्रतिशत तक बढ़ गईं। जीवन सचमुच बहुत मुश्किल हो गया, क्योंकि तेल की कीमतें इतनी बढ़ने का मतलब है महंगाई का बेतहाशा बढ़ना। महंगाई ने आम लोगों और अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ दी। 1980 में भी मध्य-पूर्व में बिगड़ी राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों के कारण दुनिया में तेल की कीमतें बढ़ीं और भारत के निर्यात में आठ फीसद तक की गिरावट दर्ज की गई। नतीजतन, सकल उत्पाद दर फिर ऋणात्मक हो गई। सन 2020 में तो कोरोना के कारण सारी दुनिया में ही व्यापार कंपकंपाने लगा था और अर्थव्यवस्था लड़खड़ाने लगी थी।


मगर आर्थिक मंदी का सबसे बुरा दौर दुनिया ने सन 1929 में देखा था। तब दुनिया के अधिकांश देशों में उत्पादन घट गया था, रोजगार के अवसरों में कमी आ गई थी, व्यापार तहस-नहस हो गया था। बड़ी संख्या में लोग गरीबी और भुखमरी का शिकार हुए थे। बड़े-बड़े उद्योगपति कर्ज में डूब गए थे। दरअसल, प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान जापान और अमेरिका में बड़े बड़े कारखाने खोले गए थे। उनमें उत्पादन होता रहा, जबकि युद्ध के बाद बाजार में उन उत्पादों की मांग कम हो गई। मांग से अधिक माल की उपलब्धता ने आर्थिक दिक्कतें पैदा कर दीं, क्योंकि तब उत्पादित वस्तुओं को बहुत सस्ता बेचना पड़ा। इस नुकसान की भरपाई करने के लिए उत्पादन को और बढ़ाया गया तो हालात और विकट हो गए। यही हाल कृषि क्षेत्र में भी हुआ। उधर युद्ध की अवधि में लिए गए कर्ज ने भी कई देशों की रीढ़ की हड्डी पर प्रहार किया।

आमतौर पर भारतीय समाज आर्थिक मंदी से कम प्रभावित होता है, क्योंकि हमारे स्वभाव में कठिन समय के लिए छोटी- छोटी बचत करना शामिल है। मगर पिछले कुछ दशकों में स्थिति बदली है। नीतियां छोटी बचत को प्रोत्साहित करने के स्थान पर बाजार में धन खर्च करने का समर्थन करती है। पैसा अब हाथ में आने के बजाय सीधा बैंकों में जाता है और घरेलू महिलाओं की बचत उस धन से होती है, जो किसी बहाने उनके हाथों तक पहुंच जाता है।

ऐसे में यह सवाल महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि अगर आर्थिक मंदी आई, तो परिवारों को छोटी बचत से मिलने वाले सहारे के अभाव में क्या हालत और दुरूह होंगे? जलवायु परिवर्तन के कारण यूरोप में पैदा हुई स्थितियां, कोरोना के कारण सारी दुनिया विशेष रूप से चीन के व्यापार पर पड़े असर, रूस और यूक्रेन के मध्य युद्ध जैसी स्थितियों ने तो इस आशंका को बढ़ाया ही है। भारत के नीति नियंता इस प्रयास में लगे हैं कि निवेशकों को आकर्षित कर सकें, ताकि आसन्न खतरे का सामना किया जा सके।

## धर्म-कर्म

### हनुमान जी की मां से हुई भुल बन गई अप्सरा से वानरी



एक बार देवराज इंद्र की सभा स्वर्ग में लगी हुई थी। इसमें दुवासज़ ऋषि भी भाग ले रहे थे। जिस समय सभा में विचार-विमर्श चल रहा था उसी समय सभा के मध्य ही 'पुंजिकस्थली' नामक इंद्रलोक की अप्सरा बार-बार इधर से उधर आ-जा रही थी। सभा के मध्य पुंजिकस्थली का यह आचरण ऋषि दुवासज़ को अच्छा न लगा। दुवासज़ ऋषि अपने क्रोध के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने पुंजिकस्थली को कई बार टोक कर ऐसा करने से मना किया लेकिन वह अनसुना कर वैसा ही करती रही तो दुवासज़ ऋषि ने कहा, ''तुझे देव-सभा की मर्यादा का ज्ञान नहीं। तू कैसी देव-अप्सरा है जो वानरियों की तरह बार-बार आ-जाकर सभा में व्यवधान डाल रही है। जा, अपनी इस आदत के कारण तू वानरी हो जा।'' दुवासज़ ऋषि का शाप सुन कर पुंजिकस्थली सन्न रह गई। अपने आचरण का यह परिणाम वह सोच भी नहीं सकती थी, पर अब क्या हो सकता था? भूल हो चुकी थी। उसके कारण वह शापग्रस्त भी हो गई। उसने हाथ जोड़कर अनुनय-विनय कर कहा, ''ऋषिवर! अपनी मूढ़ता के कारण यह भूल मैं अनजाने में करती रही और आपकी वजज़्ना पर भी ध्यान न दिया। सभा में व्यवधान डालने का मेरा कोई उद्देश्य न था। कृपया बताइए, अब आपके इस शाप से मेरा उद्धार कैसे होगा?''

अप्सरा की विनती सुन कर ऋषि दुवासज़ पसीजे बोले, ''अपनी इस चंचलता के कारण अगले जन्म में तू वानर जाति के राजा विरज की कन्या के रूप में जन्म लेगी। तू देव-सभा की अप्सरा है, अत: तेरे गर्भ से एक महान बलशाली, यशस्वी तथा प्रभु-भक्त बालक का जन्म होगा।'' पुंजिक अप्सरा को संतोष हुआ। पुनजज़्न्म में वानर राज विरज की कन्या के रूप में उसका जन्म हुआ। उसका नाम अंजना रखा गया। विवाह योग्य होने पर इसका विवाह वानर राज केसरी से हुआ। अंजना केसरी के साथ सुखपूवज़्क प्रभास तीथज़् में रहने लगी।

इस क्षेत्र में बहुत शांति थी तथा बहुत-से ऋषि आश्रम बनाकर यज्ञादि करते रहते थे। एक बार ऐसा हुआ कि वन में विचरने वाला शंखबल नामक जंगली हाथी प्रमत्त हो उठा तथा वन में उत्पात मचाने लगा। उसने कई आश्रमों को रौंद डाला। यज्ञ-वेदियां नष्ट कर दीं। उसके भय से भागते हुए अनेक तपस्वी बालक आहत हो गए। कई आश्रम उजड़ गए। कई ऋषि भय के कारण आश्रम छोड़कर चले गए।

केसरी को जब शंखबल नामक हाथी के इस उत्पात का पता लगा तो वह आश्रम तथा आश्रम वासियों की रक्षा के लिए तत्काल वहां आए और शंखबल को बड़ी कुशलता से घेर कर उसके दोनों दांतों को पकड़ कर उखाड़ दिया। पीड़ा से चिंघाड़ता हुआ वह हाथी वहीं धराशायी हो गया और मर गया।आश्रम की रक्षा के लिए उनके अचानक पहुंचने तथा हाथी को मार कर आश्रम वासियों को निभज़्य कर देने वाले केसरी का ऐसा बल देख कर ऋषि-मुनि बहुत प्रसन्न हुए और केसरी के पास आकर आशीर्वाद देते हुए कहा, ''वानर राज केसरी!

# वर्तमान पर विश्वास के छोर



जिंदगी की वास्तविकता कभी पास तो कभी दूर सहमी-सी खड़ी देखती रहती है। इन्हीं में से एक श्राद्ध पक्ष जीवन का एक पवित्र अंतराल माना जाता है, जिसमें पितरों को स्मरण करने की परंपरा है। पितृ पक्ष के अवसर पर हर वर्ष अनेक प्रवचन दिए जाते हैं। संस्कृति और कर्मकांड के जानकार आम जनों को खूब समझाते हैं। किसी युग में रचे शास्त्र अब संचार के शस्त्र हो गए हैं, जिन्हें जो चाहे उठाए और निजी तलवार की तरह घुमाए रखता है। पता नहीं चलता कि बताने वाले किस चश्मे से देख रहे हैं।

विकास और सुविधाएं जीवन में सहजता, सरलता और सौम्यता लाने के लिए होती हैं, लेकिन भौतिक विकास हमें पीछे की तरफ ले जा रहा है। बरसों से चल रहे एक बहुत प्रसिद्ध पारिवारिक धारावाहिक में दिखाया गया कि श्राद्ध में कौवे के लिए अलग से परोसा गया खाना अगर कौवा न खाए तो श्राद्ध पूरा ही नहीं होता। वास्तव में आम तौर पर कौवे या गाय की रोटी बंदर या दूसरे जानवर ही ग्रहण करते हैं। कौवे के साथ इंसानी अंधविश्वास भी स्वार्थ भरा ही रहा है। जब कौवे मकान की मुंडेर पर आकर कांव-कांव करते थे तो यह मानकर कि अनचाहा मेहमान न आ टपके, कौवे को उड़ा दिया जाता था। लेकिन कौवे को मुंडेर पर से उड़ाने वाले ही प्रिय व्यक्ति के आने पर उसका मुंह मीठा करवाने को तैयार रहते थे। अधिकांश जगह खासतौर पर शहरी और कस्बाई क्षेत्रों में कौवा आजकल आसानी से नहीं मिल पाता है।

शुक्र देव ने गोचर कर बनाया डबल महापुरुष राजयोग, इन 3 राशि वालों को धनलाभ के साथ उन्नति के प्रबल योग

जब हम अपने ईष्ट को तस्वीरों या मूर्तियों में मानकर पूजा कर सकते हैं, लाखों-करोड़ों रुपए का दान करते हैं तो पितृपक्ष में कौवे जैसे महत्त्वपूर्ण चरित्र को, जो भारतीय पारिवारिक संस्कृति के एक पक्ष यानी पितृ पक्ष में श्राद्ध पूरा करने में अहम रोल अदा करता है, के चित्र या मूर्ति को खाना लगाकर अपना कर्तव्य निभाने में क्या हर्ज है। यों खाना किसी भूखे को भी खिलाया जा सकता है, लेकिन यह भी कहा गया है कि इस संबंध में भोजन सुपात्र को ही खाना चाहिए। दान आदि भी उचित पात्र को ही दिया जाना चाहिए। अब सुपात्र जब जाति की कोख से ही निकलेगा, तो फिर भूखा या जरूरतमंद सुपात्र नहीं हो पाएगा!

माना जा सकता है कि आर्थिक परेशानी, बाजार की मानसिकता, महिलाओं का कामकाजी होना और समय की कमी के कारण भी पारंपरिक संस्कृति के कई पक्ष निबटाए जा रहे हैं। बताते हैं कि अनेक व्यक्ति ज्योतिषीय या अन्य पूजा-पाठ के लिए सलाह किसी अनुभवी से लेते हैं और मोल भाव कर अनुष्ठान किसी और से चलताऊ ढंग से करवाते हैं। प्रयोग और दान के लिए सामान भी घटिया, सस्ता, स्तरहीन लेते हैं। यानी जैसा विधि विधान से करना, वरिष्ठ अनुभवियों के अनुसार वांछित है, नहीं करते।

नए वातावरण में नई सूचनाएं आती रहती हैं। किसी ने विचार साझा किया कि गया में श्राद्ध करवाने के बाद, लोग श्राद्ध करना बंद कर देते हैं। उनका आशय यह रहा कि श्राद्ध जारी रखना चाहिए। इसका मतलब यह भी निकला कि जिन्होंने श्राद्ध जारी नहीं रखा, गलत किया। एक और बात पढ़ने में आई कि पितृ पक्ष में अपने माता-पिता ही नहीं, नाना-नानी, चाचा-चाची, गुरु, मित्र, बंधु, सैनिक यानी जो दुनिया छोड़ गए, उनको याद कर पिंडदान कर सकते हैं। यों ऐसे किस काम का क्या हासिल होता है, यह कभी स्पष्ट नहीं हुआ। जिंदगी की भगदड़ में पेट, शिक्षा, स्वास्थ्य के झमेले में श्रद्धा के बारे में ज्यादा संजीदगी से सोचने की फुर्सत कम होती जा रही है। यों इन दिनों में अधिकतर लोग अभी भी नई वस्तु नहीं खरीदते, हालांकि असामाजिक, अनैतिक, आपराधिक, अमानवीय यानी सभी किस्म का गलत आचरण करते रहते हैं। दरअसल, अधिकतर लोग अब काफी व्यावहारिक होते जा रहे हैं। क्या व्यावहारिकता के आवरण के नीचे नास्तिकता भी बढ़ रही है? पढ़ने-सुनने में आ रहा है कि युवा पीढ़ी पूजा पाठ करने लगी है। शायद उनके जीवन में संघर्ष और परेशानी उग रही है, इसलिए लोग ऐसा करने लगे हैं। लेकिन यह सब करने से क्या सभी समस्याओं का हल हो जाता है?

आज सबसे ज्यादा वर्तमान को समझने और संवारने की जरूरत है। अपने कर्मों को अनुशासित, सकारात्मक और व्यावहारिक बनाए रखना वक्त का तकाजा है। समझदार व्यक्ति अपना-अपना मत व्यक्त कर बता रहे हैं। पता नहीं वे किस तरह का माहौल बनाना चाहते हैं। किसी भी विषय पर किसी संदर्भ में दूसरों की कही बातें, यहां-वहां से आ रही टिप्पणियों और सूचनाओं को अनदेखा करते हुए जीवन में तर्क का समावेश पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ करना वर्तमान

## बात ज्ञान की

**सहाबिया उस खुशक़िस्मत महिला को कहते हैं जिसने ईमान की हालत में अल्लाह के पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद ( सल्ल0 ) को देखा हो, और ईमान ही की हालत में उसका इन्तिकाल हुआ हो। उस खुशक़िस्मत व्यक्ति को कहते हैं जिसने ईमान की हालत में अल्लाह के पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद ( सल्ल ) को देखा हो, उनसे मुलाकात की हो और ईमान ही की हालत में उसका इन्तिक़ाल हुआ हो। सहाबी का बहुवचन 'सहाबा है।**

## मजहब-ए-इस्लाम

### जब क़ुरान पढ़ा जाए तो उसे कान लगाकर सुनो और ख़ामोश रहो कि तुम पर रहम हो

रसुलल्लाहो अलैहे व सल्लम ने फ़रमाया जो क़ुरान पाक पढ़ेगा और उसके मुताबिक़ अमल करेगा, क़यामत के दिन अल्लाह तआला उसके माँ-बाप को एक ताज पहनाएगा, जिसकी रोशनी सूरज की रोशनी से बेहतर होगी (जब माँ-बाप को इतनी इज्ज़त मिलेगी तो पढ़ने वाले को कितनी इज्ज़त अल्लाह तआला अता फ़रमाएगा)। अल्लाह तआला उस शख्स को जहन्नम का अज़ाब न देगा, जिसने क़ुरान हिफ्ज़ किया और क़ुरान के हाफ़िज अल्लाह तआला के दोस्त हैं। क़ुरान हिफ्ज़ से (बग़ैर देखे) पढ़ना एक हज़ार दर्जा (सवाब) रखता है।

क़ुरान बग़ैर हिफ्ज़ से (यानी देखकर) पढ़ना दो हजार दर्जा (सवाब) रखता है और लोगों में सबसे बड़ा इबादत गुज़ार वो है, जो सबसे ज्यादा क़ुरान की तिलावत करता है, बेशक ज़िस शख्स के सीने में क़ुरान का कोई हिस्सा नहीं, यानी कोई सूरत या आयत याद नहीं, वो वीरान घर की तरह है।

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहे व सल्लम ने फ़रमाया क़ुरान पढ़ो इसलिए कि वो क़यामत के दिन अपने पढ़ने वाले की सिफ़ारिश बनकर आएगा और उसकी शिफ़ादत कुबूल होगी और इमामे बुख़ारी ने रिवायत की है प्यारे नबी सल्ललाहो अलैह व सल्लम ने फ़रमाया कि बेशक तुम में सबसे ज्यादा फ़जीलत वाला वो है, जिसने क़ुरान सीखा या सिखाया (बुख़ारी शरीफ़ जिल्द 2, सफ़ा 752)।

मसअला- क़ुरान पाक ज़रूरत के मुताबिक 23 साल में थोड़ा-थोड़ा नाजिल हुआ और यक बारगी माह रमज़ान के शबे क़दर में नाज़िल हुआ।

मसअला- तिलावत शुरू करते वक्त आऊज़ो बिल्लाह पढ़ना मुस्तहब है और बिस्मिल्लाह पढ़ना सुन्नत। तिलावत के दरमियान कोई दुनियावी काम या बात करें तो आऊज़ो और बिस्मिल्लह फिर से पढ़ लें।

मसअला- जब ख़त्म हो तो तीन बार क़ुलहव्ललाहो अहद यानी सूरे इख्लास पढ़ना बेहतर है।

मसअला- क़ुरान देखकर पढ़ना ज्यादा सवाब रखता है, बग़ैर देखकर पढ़ने से, क्योंकि क़ुरान का देखना उसका छूना, उसको पास रखना भी सवाब है। मसअला- मजमे में सब बुलंद आवाज़ में पढ़ें ये हराम है। अकसर तीजों या क़ुरान ख्वानी की मजलिसों में बुलंद आवाज़ से सबके सब पढ़ते हैं, यह हराम है। अगर चंद शख्स पढ़ने वाले हों तो सब आहिस्ते पढ़ें। अगर मस्जिद में दूसरे शख्स नमाज़ में या दूसरे दीनी बातों में मसरूफ हैं या दुरुद शरीफ़ पढ़ने में मशगूल हैं तो कलामे पाक आहिस्ता पढ़ें। यानी ख़ुद पढ़ें और ख़ुद ही सुनें, वरना पढ़ने वाला ही गुनाहगार होगा। जब बुलंद आवाज़ से क़ुराने पाक पढ़ा जाए तो तमाम हाज़रीन पर सुनना फ़र्ज़ है, जबकि वो मजमा सुनने के लिए ही हो, वरना एक का सुनना काफी है अगरचे और लोग काम में हों।

## बच्चों की कहानी

### प्रदूषण के बढ़ते खतरे

एक बार एक शिकारी जंगल में शिकार करने के लिए गया। बहुत प्रयास करने के बाद उसने जाल में एक बाज पकड़ लिया।

शिकारी जब बाज को लेकर जाने लगा तब रास्ते में बाज ने शिकारी से कहा, तुम मुझे लेकर क्यों जा रहे हो?

शिकारी बोला, मैं तुम्हे मारकर खाने के लिए ले जा रहा हूँ

बाज ने सोचा कि अब तो मेरी मृत्यु निश्चित है। वह कुछ देर यूँही शांत रहा और फिर कुछ सोचकर बोला, देखो, मुझे जितना जीवन जीना था मैंने जी लिया और अब मेरा मरना निश्चित है, लेकिन मरने से पहले मेरी एक आखिरी इच्छा है। बताओ अपनी इच्छा?, शिकारी ने उत्सुकता से पूछा।

बाज ने बताना शुरू किया-

मरने से पहले मैं तुम्हें दो सीख देना चाहता हूँ, इसे तुम ध्यान से सुनना और सदा याद रखना।

पहली सीख तो यह कि किसी कि बातों का बिना प्रमाण, बिना सोचे-समझे विश्वास मत करना।



और दूसरी ये कि यदि तुम्हारे साथ कुछ बुरा हो या तुम्हारे हाथ से कुछ छूट जाए तो उसके लिए कभी दुखी मत होना।

शिकारी ने बाज की बात सुनी और अपने रस्ते आगे बढ़ने लगा।

कुछ समय बाद बाज ने शिकारी से कहा- शिकारी, एक बात बताओज्अगर मैं तुम्हे कुछ ऐसा दे दूँ जिससे तुम रातों-रात अमीर बन जाओ तो क्या तुम मुझे आज़ाद कर दोगे? शिकारी फ़ौरन रुका और बोला, क्या है वो चीज, जल्दी बताओ?

बाज बोला, दरअसल, बहुत पहले मुझे राजमहल के करीब एक हीरा मिला था, जिसे उठा कर मैंने एक गुप्त स्थान पर रख दिया था। अगर आज मैं मर जाऊँगा तो वो हीरा इसे ही बेकार चला जाएगा, इसलिए मैंने सोचा कि अगर तुम उसके बदले मुझे छोड़ दो तो मेरी जान भी बच जायेगी और तुम्हारी गरीभी भी हमेशा के लिए मिट जायेगी।

यह सुनते ही शिकारी ने बिना कुछ सोचे समझे बाज को आजाद कर दिया और वो हीरा लाने को कहा।

बाज तुरंत उड़ कर पेड़ की एक ऊँची साखा पर जा बैठा और बोला, कुछ देर पहले ही मैंने तुम्हे एक सीख दी थी कि किसी के भी बातों का तुरंत विश्वास मत करना लेकिन तुमने उस सीख का पालन नही किया दरअसल, मेरे पास कोई हीरा नहीं है और अब मैं आज़ाद हूँ।

# नगर पालिका चुनाव नजदीक, नेता सक्रिय

मोहम्मद आजाद/याकूब मलिक

**2017 की लिस्ट के अनुसार 80294 वोटर दादरी नगर पालिका में हैं।2022 की लिस्ट का काम अभी पूरा नही हुआ है। अनुमान है कि इस बार नगरपालिका में 1 लाख वोटर हो जाएंगे।पिछली बार 32 हजार मुस्लिम वोटर थे।**

**दादरी।** उत्तर प्रदेश में स्थानीय निकाय के चुनाव संभवतया दिसंबर में होंगे लेकिन अपनी-अपनी पार्टी में टिकट की चाह रखने वाले टिकटयार्थियों ने अभी से अपनी गोटिया बिछानी शुरू कर दी हैं।

दादरी नगर पालिका में पिछली बार 80 हजार से अधिक वोट थे। अब माना जा रहा है कि वोट बढ़कर एक लाख के आसपास पहुंच गए होंगे। आंकड़ों के मुताबिक इस सीट पर मुस्लिम वोट सबसे ज्यादा है लेकिन वे अपना चेयरमैन नहीं बना पाते क्योंकि मुस्लिम समाज से कई-कई उम्मीदवार खड़े हो जाते हैं। अभी फिलहाल भाजपा की गीता पंडित नगर पालिका की चेयरपर्सन हैं लेकिन इस बार उनकी राह भी आसान नहीं है। भाजपा से कई प्रभावी लोग इस बार टिकट की दावेदारी में ताल ठोक रहे हैं। व्यापारी नेता पवन बंसल इस बार









गीता पंडित के लिए बड़ी चुनौती हैं। पवन बंसल व्यपारी नेता इस समय व्यपार मण्डल अध्यक्ष भी हैं।बीजेपी से टिकिट की होड़ में बहुत आगे हैं।

बीजेपी में पुराने कार्यकर्ता जगभूषण गर्ग लंबे समय से जुड़े है और नगर पालिका के टिकट के लिए प्रयासरत रहे है। इस बार उनका भी सिक्का चल रहा है। इसलिए टिकट के दावेदारी में उनका नाम भी प्रमुखता से लिया जा रहा है। जगभूषण गर्ग तब से बीजेपी से जुड़े हैं जब पार्टी बनी थी।पिछले चुनाव में टिकिट लगभग फाइनल हो गया था लेकिन अन्तिम समय मे पार्टी के आदेश चुनाव गीता पंडित को लड़वाया।इस बार यह भी दौड़ में बने हुए हैं।

भाजपा की लिस्ट में एक ओर नाम है मनोज गोयल का। मनोज गोयल अपने मधुर व्यवहार के जरिए मतदाताओं में अच्छी पकड़ रखते है। मनोज गोयल एक व्यपारी नेता हैं एवम पिछली योजना में सांसद महेश शर्मा के द्वारा वैश्य समाज के अपमान के कारण व भाजपा द्वारा टिकिट ना देने पर समाजवादी पार्टी का दामन थामकर समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ा था। बाद में सभी शिकवे दरकिनार कर भाजपा में वापसी की इस बार भाजपा से नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिये तैयारी में लगे हैं।

चूंकि भाजपा सत्ता में है इसलिए टिकट के दावेदारों की सूची भी सबसे लंबी उसी की है। इसी सूची में एक नाम डॉ. योजना रावल का भी है। वे भी दादरी से नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिये तैयारी कर रही हैं। वे रेलवे रोड पर रावल हॉस्पिटल भी चलाती हैं।



कांग्रेस से अकेले अनिल पंडित का नाम ही अभी तक सामने आया है। चुनाव आते-आते हो सकता है और नाम आएं।

बसपा की अगर बात करें तो इस बार बसपा में टिकट मांगने वाले कम है सत्ता से बाहर होने के कारण उसका मुकाबलें में टिका रहने भी मुश्किल है। अलबत्ता अगर उम्मीदवार अच्छा आया



तो एक बड़ा वोट बैंक होने के चलते बसपा लड़ाई में आ सकती है। पिछली बार अयूब मलिक चुनाव लड़े थे लेकिन मुस्लिम समाज से इन प्रत्याशी होने के कारण वे हार गए थे। इस बार भी वे टिकट की उम्मीद लगाए है लेकिन इस बार पार्टी उन पर दांव लगाने के मूड में नहीं लग रही है। पार्टी इस बार कोई नया उम्मीदवार मैदान में लाना चाहती है।

अयूब मलिक बसपा से नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिये तैयारी कर रहे हैं।पिछली बार भी बसपा से चुनाव लड़ चुके हैं लेकिन कई मामलों को लेकर समाज के लोग इनसे नाराज हैं खासकर अपने किये गए वादों को पूरा ना करने के कारण एवम दादरी में ना रहकर नोएडा में रहने के कारण जनता इन्हें वोट करती नही दिख रही।

सबसे युवा उम्मीदवार के रूप में इस बार निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में आजाद मलिक ताल ठोक रहे हैं। पिछली योजना में राष्ट्रीय लोकदल से चुनाव लड़ चुके हैं। इस बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में तैयारी कर रहे हैं। अगर बात शिक्षा की करें तो आजाद मलिक मुस्लिम उम्मीदवारों में सबसे शिक्षित चेहरा हैं। युवा एवं लोगों के लिये हमेशा खड़े रहकर लोगों की मदद को सदैव तत्पर रहने वाले आजाद मलिक को मलिक समाज का समर्थन हासिल है।

समाजवादी पार्टी में टिकट मांगने वालों की लंबी फेहरिस्त है। आजाद



सिद्दीककी ने पिछली बार सपा से टिकिट मांगा था लेकिन सपा से टिकिट ना मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ा था। जनता के साथ रहते हैं। राजनीति का अनुभव भी है। इस बार भी चुनाव की तैयारी में हैं। उनकी दावेदारी को भी काफी मजबूत माना जा रहा है।

इसके अलावा शाहिद मेवाती नगर पालिका चुनाव की जोरदार तैयारी करते



नजर आ रहे हैं। पिछले चुनाव में भी शाहिद मेवाती ने अध्यक्ष पद के लिये ताल ठोकी थी। इस बार उन्हें पूरा विश्वास है कि जनता उन्हें अपना प्यार



देगी।

किसको टिकट मिलेगा या किसको नहीं। यह तो अभी भविष्य के गर्भ में छिपा है लेकिन टिकट मांगने वालों में भारी उत्साह है। सभी उम्मीदवार जनसपर्क में जुटे है। यह बात दीगर है कि अभी तक किसी भी पार्टी की तरफ से किसी को भी हरी झंडी नहीं दिखलाई गई है।

## बच्चों ने लिखी प्रधानमंत्री के नाम चिट्ठी

जय हिन्द संवाद

**गाजियाबाद।** सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. माला कपूर की प्रेरणा के फलस्वरुप उनके स्कूल के सैंकड़ों बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम चिट्ठी लिखी है। अधिकांश बच्चों ने प्रधानमंत्री को जहां दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

वहीं कई छात्रों ने स्कूलों में पारंपरिक खेल लागू करने की अनिवार्यता के लिए उनका आभार जताया है। बच्चों की ओर से प्रधानमंत्री को लिखी चिट्ठियां अध्यापिका मंजू कौशिक की अगुवाई में कवि नगर डाकघर जाकर पोस्ट मास्टर पंचदेव को सौंपी पी गईं।



डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. माला कपूर ने बताया कि संचार क्रांति के आधुनिक दौर ने हमें चिट्ठियों की दुनिया से बाहर कर दिया है। बच्चे तो इस दुनिया से बिल्कुल अनजान हैं। जबकि चिट्ठी लिखना एक कौशल है। बच्चों की जिंदगी और समाज से चिट्ठी तेजी से लुप्त होती जा रही हैं। इस वैश्विक परंपरा को जिंदा रखने के लिए ही सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल की ओर से दीपावली के अवसर पर यह मुहिम शुरू की गई है। जो भविष्य में भी जारी रहेगी। उप-प्रधानाचार्य उमा नवानी ने कहा कि इस मुहिम के पहले चरण में 300 से अधिक बच्चों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। चिट्ठी लिखने के प्रति बच्चे इतने उत्साहित थे ही उन्होंने कवि नगर डाकघर पहुंचकर पोस्ट मास्टर पंचदेव को अपने हाथों से चिट्ठियां सौंपी। इन बच्चों में विशेष रूप से माही, मान्या, सुफल, भुवी, सुशांत, तनिष, ध्रुवी, अरना व आदित्य शामिल थे।

श्री देव ने बच्चों को डाक वितरण प्रणाली व डाकघर के कामकाज व योजनाओं की बाबत विस्तार से समझाया। श्री देव ने स्कूल की इस मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि आज हम जब इस बात से चिंतित हैं कि मोबाइल की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे बच्चों की मेधा बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। ऐसे में बच्चों में पत्र लेखन की प्रवृत्ति उनके मानसिक विकास के साथ उनकी अभिव्यक्ति को व्यक्त करने में भी सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने इस मुहिम को अन्य स्कूलों के लिए भी प्रेरणादाई बताते हुए इसका अनुकरण करने का अनुरोध किया।

## ईज़माय ट्रिप ने नोएडा में अपना पहला ऑफिस खोला

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** भारत के सबसे बड़े ऑनलाइन ट्रैवेल टेक पोर्टल्स में से एक, ईज़मायट्रिप ने नोएडा, उत्तर प्रदेश में अपना पहला ऑफिस खोला है। दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में पहले से इसके ऑफिस और विदेशों में कई शाखाएं हैं। सहायक कंपनियों के रूप में कंपनी के अंतर्राष्ट्रीय कार्यालय फिलिपिन्स, सिंगापुर, थाइलैण्ड, यूएई, यूके, यूएसए, न्यूजीलैण्ड और लंदन में हैं। नोएडा में अपना दफ्तर खुलने के साथ, ब्राण्ड को अपनी मौजूदगी को बढ़ाने और ज्यादा क्षमता का इस्तेमाल करने की उम्मीद है। इस ऑफिस का इस्तेमाल कंपनी की प्रमुख गतिविधियों जैसे कि व्यवसाय विकास, विपणन, मानव संसाधन, आदि में सहायता के लिये किया जाएगा। ब्राण्ड विस्तार करने और अपना परिचालन बढ़ाने की योजना में है, जिसके साथ ही इसका ऑफिस कॉर्पोरेट हब नोएडा के सेक्टर 63 में खुला है। ईजीमाई ट्रिप डोट कोम के सह-संस्थापक रिकांत पिट्टी ने कहा, हम अपने नोएडा



ऑफिस का शुभारंभ कर बहुत खुश हैं और यह हमारे कार्यस्थल में कॅरियर को तय करने वाली भूमिकाओं के लिये कुशल प्रतिभा के स्वागत का मौका है। भारत की सीमाओं के भीतर विस्तार के साथ हमारा लक्ष्य अपनी क्षमता बढ़ाना और परिचालन निर्मित करना है।



**सैफई।** गाजियाबाद के वरिष्ठ सपा नेता जलालुद्दीन सिद्दीकी ने बृहस्पतिवार को सैफई में नेताजी मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित कर सपा मुखिया अखिलेश यादव से मुलाकात की।

## सपा जिला कार्यालय पर दी गई नेताजी को श्रद्धांजलि

जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं द्वारा आज समाजवादी पार्टी के संरक्षक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव नेताजी को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर कार्यकर्ताओं द्वारा सबसे पहले नेता जी की आत्मा शांति के लिए हवन किया गया और बाद मे उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके 2 मिनट का मौन धारण करके उनको श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंद्र प्रधान, बिजेंद्र नागर, राजकुमार भाटी, फकीर चंद नागर, श्याम सिंह भाटी, राव संजय भाटी, नरेंद्र नागर, सुधीर तोमर, कृष्णा चौहान, महेंद्र नागर, नीतीश भाटी, सुधीर भाटी आदि मौजूद थे।



## गैंगस्टर एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर 24 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उस पर पूर्व में भी आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

एसीपी सुशील कुमार ने बताया कि थाना सेक्टर 24 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे शातिर बदमाश विजय शिंदे पुत्र नानक चंद शिंदे निवासी सी 439 प्रवासी सीमापुरी दिल्ली, हाल पता डीएलएफ भोपुरा गाजियाबाद को गैंगस्टर एक्ट में गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया अभियुक्त गैंग बनाकर अपने आर्थिक एवं भौतिक लाभ हेतु पल्सर बाइक पर सवार होकर सोने की चैन लूटने का धंधा करता था ।इस गैंग के अन्य सदस्य विनोद उर्फ सोनू ,विजय शिंदे सुनार को लूटी हुई चेन बेचते थे। विनोद उर्फ सोनू जेल में बंद हैं।

## छपरोला, मारीपत आरओबी का कार्य पूरा कराया जाय : नवाब सिंह नागर



जय हिन्द संवाद

**नई दिल्ली।** रेल भवन में भारत सरकार के रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णवजी से पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने मिलकर उन्हें दिवाली की शुभकामनाएं दी व छपरौला के अधूरे पड़े रेलवे पुल को सड़क से जोड़ने की मांग की जिससे ग्रेटर नोएडा वेस्ट से जीटी रोड जाने में लोगों को सहूलियत मिले मा.मंत्रीजी ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया की यह उनके ध्यान में है इस कार्य को सीघ्र कराने का वह प्रयास करेंगे इस संदर्भ में लोक निर्माण विभाग के मंत्री जी को भी पत्र लिखकर अवगत कराया गया है।

## हाउसकीपिंग स्टाफ के साथ मनाया दीवाली मिलन

जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के साथी हाथ बढ़ाना सामाजिक व धार्मिक सहायता ग्रुप के सदस्यो ने गौर सिटी के 6थ एवेनुए के हाउसकीपिंग स्टाफ के साथ मनाया दीवाली मिलन कार्यक्रम

ग्रुप संचालिका अनिता प्रजापती और सरोज शर्मा ने कहा कि दीवाली का त्यौहार आने वाला है ऐसे में सब लोग एक दूसरे से मिलकर बधाई देते है हमने भी इस बार सौचा की सोसाइटी में काम करने वाले हाउसकीपिंग स्टाफ के साथ पार्टी करके उन्हें थोड़ी त्योहारवाली खुशी दी जाए। रंजीत सिंह और राजीव टंडन ने कहा कि हमने सोसाइटी के आर डब्लू हाल में सहायक कर्मचारियों के साथ दीवाली पर चर्चा कर उनकी दिनचर्या जानी हमारी सोसाइटी में लगभग 23 हाउसकीपिंग स्टाफ है जो सोसाइटी में साफ सफाई करते है तो हमारा भी कर्तव्य है कि थोड़ा बहुत हम भी उनके लिए कुछ कर पाए।



## अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के द्वितीय चरण के भूमि अधिग्रहण का आंकड़ा पहुंचा 65 फ़ीसदी




जय हिन्द संवाद

**जेवर।** जेवर में बनने वाले नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के द्वितीय चरण के भूमि अधिग्रहण का आंकड़ा 65 फीसदी तक पहुंच गया है तथा दिनांक 21 अक्टूबर 2022 को द्वितीय चरण के भूमि अधिग्रहण के आंकड़े को पर कर देगा। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि जेवर अंधेरे से निकलकर उजाले की रोशनी से जेवर के साथ-साथ उत्तर भारत के उन नौजवानों के भविष्य को रोशन करेगा, जो शिक्षित होने के बाद भी रोजगार की तलाश में इधर उधर भटक रहे थे।

जेवर में बनने वाले नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के द्वितीय चरण के भूमि अधिग्रहण 70 फ़ीसदी तक पहुंच जाएगा, जिससे द्वितीय चरण के भूमि अधिग्रहण का रास्ता साफ हो जाएगा।

द्वितीय चरण के प्रभावित ग्रामों के किसानों ने जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह के रबूपुरा स्थित कैंप कार्यालय पर आकर मुलाकात भी की थी।



# अंबानी ने दुबई में खरीदी सबसे महंगी हवेली

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने दुबई में अब एक और नई प्रॉपर्टी खरीद ली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुकेश ने दुबई के पाम जुमेराह में ही करीब 1,354 करोड रुपए (163 मिलियन डॉलर) में एक और बीच-साइड मेंशन खरीद लिया है। इस डील से जुडे लोगों का कहना है कि यह शहर की अब तक की सबसे बढी रेसिडेंशियल प्रॉपर्टी डील है। इस प्रॉपर्टी को खरीदने के साथ ही मुकेश अंबानी ने अपना ही एक रिकॉर्ड भी तोड दिया है। दरअसल, इस साल की शुरुआत में मुकेश ने अपने सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी के लिए पाम जुमेराह में ही करीब 640 करोड रुपए (80 मिलियन डॉलर) में एक बीच-साइड विला खरीदा था। इसके साथ ही वे दुबई में सबसे महंगा घर खरीदने वाले आदमी बने थे। अब मेंशन खरीदने के बाद यह रिकॉर्ड उनके नाम ही कायम है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुकेश अंबानी ने पिछले हफ्ते पाम जुमेराह में यह नया बीच-साइड मेंशन कुवैत के बिजनेस टाइकून



मोहम्मद अलशया की फैमिली से खरीदा है। दुबई लैंड डिपार्टमेंट से इस बात की जानकारी मिली। हालांकि, रिलायंस और अलशया की ओर से इस डील को लेकर अब तक कोई बयान सामने नहीं आया है। अलशया ऑर्गेनाइजेशन स्टारबक्स, विक्टोरिया सीक्रेट जैसे ब्रांड की लोकल फ्रेंचाइजी चलाता है। करीब 99 लाख की आबादी वाले,श्व में इस वक्त 80 प्रतिशत से भी ज्यादा विदेशी नागरिक रहते हैं। प्राइवेट सेक्टर में काम कर ये लोग,श्व की प्रॉपर्टी और शॉपिंग में इन्वेस्ट करते हैं। देश की इकोनॉमी बूस्ट करने में इन लोगों का अहम योगदान रहा है। दुबई में प्रॉपर्टी खरीदने में इंडियन हमेशा से टॉप पर रहे हैं। नाइट फ्रैंक के ग्लोबल इंडेक्स के अनुसार, सितंबर एंड में दुबई में प्रॉपर्टी के दाम 70 तक बढ़ गए हैं। फोर्ब्स की रियल टाइम बिलेनियर्स लिस्ट के मुताबिक, 65 साल के मुकेश अंबानी 7.33 लाख करोड रुपए (88.5 बिलियन डॉलर) की नेटवर्थ के साथ दुनिया के 8वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। उनकी संपत्ति के तीन वारिस हैं, आकाश, अनंत और ईशा अंबानी। वे धीरे-धीरे अपने एम्पायर की बागडोर बच्चों को सौंप रहे हैं। अंबानी फैमिली विदेशों में अपनी अचल संपत्ति बडा रही है। पिछले साल रिलायंस ने च में स्टोक पार्क लिमिटेड से एक जॉर्जियन एरा मेंशन खरीदा था। यह मेंशन मुकेश अंबानी के बडे बेटे आकाश के लिए 631 करोड रुपए (79 मिलियन डॉलर) में खरीदा गया था। वहीं आकाश और अनंत की बहन ईशा न्यूयॉर्क में एक घर की तलाश कर रही हैं।

# नीरव मोदी की 924 करोड़ की संपत्ति जब्त हुई

मुंबई की स्पेशल PMLA (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) कोर्ट ने भगोडे हीरा व्यापारी नीरव मोदी की 924 करोड रुपए की प्रॉपर्टी पर फैसला सुनाया है। कोर्ट ने ईडी को नीरव मोदी की 500 करोड रुपए की 39 प्रॉपर्टीज को अटैच करने की अनुमति दी है। वहीं, पंजाब नेशनल बैंक को नीरव मोदी और उसकी कंपनियों की 9 प्रॉपर्टीज का हक दिया गया है। 424 करोड रुपए की यह संपत्तियां बैंक के पास गिरवी थीं। बैंक ने इन पर दावा करते हुए कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क की प्रॉपर्टीज, बैंक अकाउंट्स, ज्वेलरी और घडियों समेत कीमती चीजें शामिल हैं। नीरव मोदी को फ्यूजिटिव इकोनॉमिक ऑफेंडर्स एक्ट, 2018 के तहत दिसंबर 2019 में स्पेशल कोर्ट ने भगोडा घोषित किया था।

**भारत प्रत्यर्पित करने पर डर रहा है नीरव मोदी**

बीते दिनों नीरव मोदी ने कहा था कि अगर उसे भारतीय पुलिस के हवाले किया गया तो वह जीवित नहीं रह पाएगा। लंदन की एक जेल में कैद नीरव ने



साइकाएट्रिस्ट को बताया कि भारत प्रत्यर्पित किए जाने पर वह या तो मारा जाएगा या आत्महत्या कर लेगा। उसने बताया कि आखिरकार मुझे जेल में ही मरना है। नीरव मोदी पर मेहुल चौकसी के साथ मिलकर पंजाब नेशनल बैंक से 14,500 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है। फरवरी में ब्रिटेन की वेस्टमिंस्टर कोर्ट ने मोदी के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दी थी। इस फैसले के खिलाफ उसने लंदन हाईकोर्ट में अपील की है। भारत लाए जाने के बाद उसे मुंबई की आर्थर रोड जेल की बैरक नंबर-12 में रखा जाएगा।

# गूगल पर 1337 करोड़ का जुर्माना




कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया ने गुरुवार को गूगल पर 1337.76 करोड़ रुपए की पेनल्टी लगा दी है। एंड्रॉइड मोबाइल डिवाइस से जुड़ीं एंटी-कॉम्पिटिटिव प्रैक्टिस करने के चलते अल्फाबेट के गूगल पर जुर्माना लगाया गया।

जुर्माना लगाने के साथ ही सीसीआई ने गूगल से अनफेयर बिजनेस प्रैक्टिस बंद करने का आदेश दिया है। साथ ही कहा कि गूगल जल्द से जल्द अपनी सर्विस अपडेट करे।

दो साल से जारी थी जांच

गूगल के खिलाफ सीसीआई की जांच पिछले 2 सालों से जारी है। इन्वेस्टिगेशन कमिटी ने गूगल पर एंटी-कॉम्पिटिटिव प्रैक्टिस करने, अनफेयर बिजनेस करने और मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम में गड़बड़ी करने के आरोप भी लगाए थे। दो साल की जांच में सीसीआई ने गूगल इंडिया को मार्केट में अपना एकतरफा दबदबा बनाने का दोषी पाया। गूगल दबाव बनाकर कॉम्पिटिशन और इनोवेशन को भी कम कर रहा था। गूगल सर्च रिजल्ट, म्यूजिक, ब्राउजर, ऐप लाइब्रेरी और बाकी सर्विसेस में कई तरह की गड़बड़ी कर रहा था।

मोबाइल में प्री-इंस्टॉल रहते हैं गूगल ऐप्स

सीसीआई ने आरोप लगाए कि गूगल मोबाइल फोन और ऐप मेकर्स पर वन-साइडेड कॉन्ट्रैक्ट का दबाव बनाता था। इससे किसी भी नए मोबाइल में पहले से गूगल के ऐप्स इंस्टॉल रहते हैं। उन्हें अन-इंस्टॉल भी नहीं किया जा सकता।

इससे यूजर्स को मजबूरी में गूगल ऐप्स का इस्तेमाल करना पड़ता। इसी से गूगल ऐप्स का यूज टाइम बढ़ता और बाकी ऐप्स को नुकसान पहुंचने लगा।

### अमेरिका में भी हुआ केस

रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका के टेक्सास में भी गूगल पर लाखों यूजर्स का बायोमेट्रिक डाटा कलेक्ट करने के आरोप लगे। इसके लिए गूगल यूजर्स की परमिशन भी नहीं ले रहा था।

### एक ही दिन में दूसरा बड़ा जुर्माना

सीसीआई गूगल से पहले गुरुवार को ऑनलाइन ट्रैवल सर्विस मेक माय ट्रिप-गोआईबीबो और हॉस्पिटैलिटी सर्विस ओयोओ पर जुर्माना लगाया था। ओयोओ पर 168.88 करोड़ रुपए और रूल्ल्ज्ञ-द्दश पर 223.48 करोड़ रुपए का जुर्माना लगा था।

# सत्या नडेला को मिला पद्म भूषण

माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला को पद्म भूषण दिया गया। स्पेशल सर्विस के लिए उन्हें देश के तीसरे सर्वोच्च सिविलियन अवॉर्ड से नवाजा गया। 2023 में इंडिया आने की प्लानिंग कर रहे नडेला ने कहा कि पद्म भूषण मिलना उनके लिए गौरव की बात है।

**राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री को दिया धन्यवाद**

अवॉर्ड मिलने के बाद सत्या नडेला ने कहा, एकस्ट्रा ऑर्डिनरी लोगों को दिया जाने वाला पद्म भूषण मिलना मेरे लिए गौरव की बात है। मैं राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और देश के लोगों का आभारी हूं। नडेला ने कहा कि वह आने वाले समय में देश के लोगों के साथ टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाने पर काम करते रहेंगे। उन्होंने साथ ही बताया की वह अगले साल जनवरी में भारत आने की प्लानिंग कर रहे हैं।

**सैन फ्रांसिस्को में हैं नडेला**

55 साल के नडेला का नाम इस साल के 17 पद्म भूषण विजेताओं की लिस्ट में शामिल



था। वे इस वक्त सैन फ्रांसिस्को में हैं। वहां मौजूद इंडिया के काउंसल जनरल, डॉक्टर टीवी नागेंद्र प्रसाद ने उन्हें पद्म भूषण सौंपा।

**टेक्नोलॉजिकल चेंज का दौर**

काउंसल जनरल प्रसाद से मीटिंग के दौरान माइक्रोसॉफ्ट ष्टश्वह्र ने कहा कि इंडिया के इन्क्लूसिव ग्रोथ के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी का रोल बहुत इम्पोर्टेंट है। नडेला बोले कि हम ऐतिहासिक इकोनॉमिक, सोसाइटल और टेक्नोलॉजिकल चेंज के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में देश का पॉलिटिकल और टेक्नोलॉजिकल डेवलपमेंट जरूरी है।

**डिजिटल टेक्नोलॉजी ही फ्यूचर**

नडेला ने बताया कि आने वाला दशक डिजिटल टेक्नोलॉजी से अपनी पहचान बनाएगा। टेक्नोलॉजी के यूज से हर कोई कम खर्चे में ज्यादा बेनिफिट्स ले रहा है। इससे फ्यूचर में कई इनोवेशन होंगे।

**2014 में माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ बने थे**

भारत के हैदराबाद में जन्में सत्या नडेला ने 1992 में माइक्रोसॉफ्ट जॉइन की थी। 2014 में उन्हें कंपनी का सीईओ बनाया गया। 2021 में उन्हें कंपनी ने एडिशनल रोल देकर सीईओ के साथ चेयरमैन का भी पद दे दिया।

# शराब के नशे में वकील ने किया हंगामा

**अलीगढ।** अलीगढ के क्वार्सी थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक युवक ने शराब के नशे में जमकर हंगामा किया। पहले आरोपी आने जाने वाले राहगीरों से उलझता रहा और गाली गलौज बकता रहा।

जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वह उसने भी भिड गया और खुद को एडवोकेट बताने लगा। इतना ही नहीं, आरोपी ने क्षेत्राधिकारी के वाहन चालक से भी जमकर अभद्रता की। जिसके बाद पुलिस आरोपी को थाने ले आई। थाने में भी आरोपी की अकड कम नहीं हुई और वह हंगामा करता रहा और पुलिस कर्मियों को देख लेने की धमकी देता रहा। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी का मेडिकल के बाद मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महुआखेडा निवासी जलज श्रीवास्तव पेशे से एडवोकेट है। गुरुवार रात वह शराब के नशे में था और क्वार्सी चौराहे पर एक दुकान पर हंगामा कर रहा था। वहां पर क्षेत्राधिकारी की गाड़ी मौजूद थी और उसमें उनका चालक मौजूद था।जब चालक ने उसे समझाने की कोशिश की तो वह उससे भी भिड गया और गाली गलौज करने लगा। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी का मेडिकल कराने के लिए दीनदयाल संयुक्त चिकित्सालय ले आई। इसके बाद भी आरोपी शांत नहीं हुआ और जमकर हंगामा करता रहा।आरोपी पूरी तरह से शराब के नशे में धुत था और हंगामा कर रहा था। घटना की जानकारी मिलने पर इंस्पेक्टर क्वार्सी भी पहुंच गए। जिसके बाद वह उसने भी भिडता रहा और कोर्ट में आने पर देख लेने की धमकी देता रहा। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# फांसी के फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**सहारनपुर।** सहारनपुर में एक नवविवाहिता का शव फांसी के फंदने पर लटका मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतार और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। पति, जेठ, जेठानी और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया



पुलिस ने ससुर और पति को गिरफ्तार कर लिया है। मामला थाना नागल के गांव बसेडा का है।

# दिवाली पर 62 प्रतिशत पुरुष, 55 प्रतिशत महिलाएं खरीदारी के मूड में

कोविड लॉकडाउन ने पिछले दो साल से दिवाली को भले ही फीका रखा हो, लेकिन इस बार भारतीय दिल खोलकर शॉपिंग कर रहे हैं। दुनिया भर में मंदी और युद्ध के डर के साए में जी रहे लोग खरीदारी को तरजीह नहीं दे रहे। मगर भारत में इसका उल्टा ही रुझान है। यहां फेस्टिवल सीजन के शुरुआती आंकडे बताते हैं कि खरीदारी के मामले में पुरुषों ने महिलाओं को पीछे छोड दिया है। 62 फीसदी पुरुष दिवाली पर खरीदारी के मूड में हैं, जबकि 55 फीसदी महिलाएं शॉपिंग को तैयार हैं।

इस बार जितनी रौनक दुकानों और बाजारों में दिखाई दे रही है उससे कहीं ज्यादा उत्साह ऑनलाइन खरीदारी की तरफ दिखाई पड रहा है। लोग फैशन, सजावटी सामान, ट्रैवल, गिफ्ट सहित कई तरह की खरीदारी में दिलचस्पी ले रहे हैं। आइए इस फेस्टिवल सीजन में भारतीयों की खरीदारी के रुझान को विस्तार से जानते हैं।

**2 लाख करोड पार होगी ऑफलाइन-ऑनलाइन फेस्टिवल सेल्स**

अनिश्चितता भरे वातावरण में भारतीय इतनी शॉपिंग कर रहे हैं जितनी महामारी से पहले भी नहीं की थी। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक बडी संख्या में भारतीय न केवल कार, घर और गहने खरीद रहे हैं, बल्कि घूमने-फिरने पर भी काफी रकम खर्च कर रहे हैं। पिछले काफी समय से खरीदारी की दबी चाहत इस बार खुलकर बाहर निकल रही है। बाजार इसे 'रिवेंज शॉपिंग' मानकर चल रहा है। माना जा रहा है कि



इस बार फेस्टिव सेल्स 2 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच सकती है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के मुताबिक, कुल सेल्स में से ऑफलाइन सेल्स का हिस्सा 15 अरब डॉलर से ज्यादा रह सकता है, जो साल 2019 में 8.5 अरब डॉलर था।

रिपोर्ट में इंडस्ट्री के अनुमान के हवाले से लिखा गया है कि मौजूदा फेस्टिवल सीजन जो कि सितंबर के अंत से शुरू हुआ और नवंबर की शुरुआत तक चलेगा, में बिक्री 27 अरब डॉलर को पार कर सकती है। ये रकम रुपए के मौजूदा स्तर पर 2.2 लाख करोड़ के करीब है।

ये आंकड़ा पिछले साल के मुकाबले 25 फीसदी अधिक है। साथ ही 2019 में महामारी से पहले के फेस्टिव सीजन के मुकाबले दोगुना है। मार्केट कंसल्टेंट रेडसीर ने अनुमान जताया है कि इस साल ऑनलाइन सेल्स भी करीब 12 अरब डॉलर, यानी करीब 1 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है, जिसका फायदा सीधे अमेजन और फ्लिककार्ट जैसे प्लेयर्स को मिलेगा। ऑनलाइन खरीदारों की संख्या 2018 के बाद से 4 गुना बढ़कर 20 करोड़ के करीब पहुंच गई है। और इसमें सबसे ज्यादा ग्रोथ छोटे शहरों से आ रही है, जहां से लोग कपड़े से लेकर महंगे मोबाइल तक खरीद रहे हैं।

घर खरीदने वालों की संख्या में भी हुई बढोतरी देश में 15 हजार से ज्यादा वाहन डीलरों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों के मुताबिक, नवरात्रों के 9 दिनों में वाहनों की बिक्री पिछले साल के मुकाबले 57 प्रतिशत ज्यादा रही। रियल एस्टेट में एक्सपर्ट जेएलएल कंसल्टेंसी के मुताबिक, सितंबर के महीने में फेस्टिवल छूट की मदद से घरों की बिक्री में पिछले साल के मुकाबले 70 प्रतिशत बढ़त दर्ज हुई है।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में असिस्टेंट मैनेजर तरुण कुमार के मुताबिक, 'इस फेस्टिव सीजन में सेल्स के उछाल की वजह पिछले काफी समय से दबी हुई खरीदारी की बडी चाहत का होना है। कोरोना के बाद से भारतीय बचत पर ज्यादा ध्यान दे रहे थे और इस दौरान उन्होंने अपनी मुट्ठी को बंद रखा। अब त्योहार के मौके पर दिल खोलकर खर्च कर रहे हैं। जो बाजार में उछाल की वजह बनी है, जिसका फायदा सभी सेक्टर्स को मिल रहा है।लॉकडाउन हटने और कंपनियों के ऑफर, डिस्काउंट और फेस्टिव सीजन के सेंटीमेंट्स तीनों ही सेल्स में बढ़ोतरी कर रहे हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि कई परिवार त्योहारों के दौरान खर्च करने के लिए पहले से ही प्लान कर रहे थे, जिसका असर अब देखने को मिल रहा है।

ऑनलाइन शॉपिंग की लोकप्रिय वेबसाइट मीशो की बिक्री सितंबर की त्योहारी सेल में 68 फीसदी बढ़ गई। सेल में उसे करीब 3.34 करोड़ ऑर्डर मिले। मीशो ने अक्टूबर के शुरुआती दस दिनों में 30 कैटेगरी में करीब 8 लाख सेलर्स के साथ 6.5 करोड़ एक्टिव प्रोडक्ट की लिस्टिंग की है। कंपनी के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी विदित आत्रे के मुताबिक, कंपनी को मिले कुल ऑर्डर में से लगभग 60 फीसदी टीयर-4 शहरों से आए। अगर दूसरी श्रेणी के शहरों से आई सेल को भी जो? लिया जाए तो यहां से आए ऑर्डर 80 प्रतिशत तक हो जाते हैं। दूसरी श्रेणी में भारत के 10 शहर हैं तो चौथी श्रेणी में सबसे ज्यादा 29 शहर आते हैं। त्योहारी मौसम में बड़े पैमाने पर बिक्री होती है जिससे देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है। ग्लोबल रिसर्च एंड एनालिसिस ग्रुप YouGov के एक सर्वे में पाया गया है कि 58 फीसदी शहरी लोग दिवाली पर शॉपिंग का प्लान बना चुके हैं, जबकि 39 फीसदी लोग ऑनलाइन खरीदारी को तरजीह दे रहे हैं।

इसी सर्वे से पता चलता है कि त्योहारों के मौसम में खरीदारी की तैयारी में पुरुष महिलाओं से आगे हैं। 62 फीसदी पुरुषों ने दिवाली पर खरीदारी की बात कही, जबकि 55 फीसदी महिलाएं शॉपिंग के लिए तैयार हैं। हालांकि, ऑनलाइन खरीदारी के बढ़ते ट्रेंड का असर इस सर्वे में भी देखने को मिला है। इसके मुताबिक, प्रत्येक पांच में से दो व्यक्ति फेस्टिवल सीजन में ई-कॉमर्स कंपनियों के फेस्टिवल ऑफर और डिस्काउंट के चलते शॉपिंग का मूड बना रहे हैं।

रेडसीर की एक रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि 2018 की तुलना में इस साल त्योहारी सत्र में ऑनलाइन खरीदारी करने वालों की संख्या दोगुनी होने की उम्मीद है। एक अनुमान के अनुसार, दिवाली पर 5 करोड़ छोटे-बड़े और महंगे गिफ्ट आइटम्स लेन-देन होता है। इसमें एक बड़ा हिस्सा ऑनलाइन शॉपिंग का भी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस फेस्टिवल सीजन में अलग-अलग चीजों के बाजार को भी बढ़ावा मिलेगा।

रेडसीर स्ट्रैटजी कंसल्टेंट्स के एसोसिएट पार्टनर संजय कोठारी के मुताबिक, इस साल फैशन में ऑनलाइन खरीदारी बढ़ने का भी अनुमान है। श्रेणी-2 शहरों में खासतौर से मांग बढ़ती दिखाई पड रही है। 2018 के मुकाबले फैशन में ऑनलाइन शॉपिंग में चार गुना बढोतरी होगी।

हाल ही में जारी डिलॉयट की ग्लोबल स्टेट ऑफ कंज्यूमर ट्रैकर रिपोर्ट के मुताबिक, लोग घूमने- फिरने के अलावा कपडे और घरेलू व सजावटी सामान की खरीदारी पर दिल खोलकर खर्च कर रहे हैं। न्यू प्रोडक्ट और ब्रांड को लेकर मेटा टेक्नोलॉजीज ने सालाना कंज्यूमर इंसाइट रिपोर्ट में कहा है कि इस बार दिवाली पर कंज्यूमर न्यू ब्रांड के कपडों को खरीदने पर ज्यादा फोकस किए हुए हैं। इसी वजह से दुकानदारों और डीलर्स में न्यू ब्रांड प्रोडक्ट को लेकर क्रेज दिखाई दे रहा है। महिलाओं में कपडों को लेकर अलग ही क्रेज है। अनारकली ड्रेस, धोती कुर्ती सेट, पेस्टल साडी, एंब्रोइडर्ड एथनिक जैकेट, पेप्पी प्लाजो, प्रिंटेड दुपट्टा और मल्टी कलर प्रिंटेड कुर्ती की खरीदारी ज्यादा देखने को मिल रही है।



# हैप्पी बर्थडे ड्रीम गर्ल



# शम्मी कपूर करना चाहते थे मुमताज से शादी



शम्मी कपूर अपने समय के टैलेंटेड और डैशिंग एक्टर में से एक थे। इतना ही नहीं आज भी उनकी अदाकारी को कोई भूल नहीं सकता। शम्मी अपनी फिल्मों के अलावा पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी सुर्खियों में रहते थे। एक समय पर तो शम्मी का नाम एक्ट्रेस मुमताज के साथ भी जुड़ा। ऐसा कहा जाता था कि शम्मी, मुमताज से शादी करना चाहते थे, लेकिन एक्ट्रेस ने मना कर दिया था। मुमताज ने खुद इसका खुलासा किया था कि आखिर क्यों उन्होंने शम्मी के साथ शादी नहीं की। मुमताज ने दावा किया था कि शम्मी उनसे शादी करना चाहते थे और उनसे बेहद प्यार करते थे। लेकिन कपूर परिवार काफी स्ट्रिक्ट था और वह उनसे शादी करके सब छोड़कर सैटल नहीं होना चाहती थीं। मुमताज ने टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए कहा था, मैं 17 साल की उम्र में इंडस्ट्री से जुड़ी थी तो इतनी जल्दी मैं सब नहीं छोड़ सकती थी।

एक्ट्रेस ने यह भी बताया था कि जब उन्होंने एक्टर से शादी करने से मना किया था तो कई लोग हैरान हो गए थे कि मैं उनका प्रपोजल कैसे रिजेक्ट कर सकती हूं। मुमताज बोली थीं, लोग शुरु में विश्वास ही नहीं करते थे कि मुमताज कभी शम्मी कपूर का प्रपोजल रिजेक्ट कर सकती है क्योंकि वो कहां थे और हम कहां थे। जमीन-आसमान का फर्क था हम दोनों में। तो उस वक्त लोगों को शक होता था कि ऐसा सच में हुआ है। मुमताज ने यह भी बताया था कि कैसे उस वक्त शम्मी को उनके इंटेशन पर शक हुआ जब उन्होंने शादी करने से मना कर दिया था। एक्ट्रेस ने कहा था, जब मैंने उन्हें मना किया तो उन्हें शक हुआ कि तुझे एक्ट्रेस बनना है इसलिए तू मुझसे शादी नहीं करना चाहती। तू मुझे कभी प्यार नहीं करती थी। बता दें कि शम्मी कपूर की फिर गीता बाली से शादी हो गई थी। दोनों की लव स्टोरी भी काफी पॉपुलर है। शम्मी ने गीता से 1955 में शादी की थी और दोनों के 2 बच्चे हुए। हालांकि दोनों का साथ ज्यादा लंबा नहीं रहा और 1965 में गीता का स्मॉल पॉक्स से निधन हो गया। गीता के निधन के बाद शम्मी कपूर टूट गए थे और वह अकेले हो गए। परिवार वालों ने जब उनकी हालत खराब होती देखी तो फिर शम्मी की शादी नीला देवी से करवा दी। नीला ने फिर ना सिर्फ शम्मी कपूर बल्कि उनके दोनों बच्चों को संभाला। इतना ही नहीं नीला ने कभी शम्मी से अपने बच्चे को लेकर डिमांड नहीं की।



# शादी से पहले ही अपने रिश्ते को आगे बढ़ा रहे सिद्धार्थ-कियारा



सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी काफी समय से रिलेशनशिप में हैं। हालांकि पिछले कुछ समय से दोनों की शादी की खबरें भी खूब सुर्खियों में हैं। लेकिन इससे पहले एक नया अपडेट आ रहा है। ऐसा कहा जा रहा है कि शादी से पहले दोनों लिव इन में रहने वाले हैं। दोनों एक-दूसरे को अच्छे से जानना चाहता है और शादी से पहले एक-दूसरे को अच्छे से समझना चाहते हैं इसलिए दोनों लिव इन में रहना चाहते हैं। बॉलीवुड लाइफ की रिपोर्ट के मुताबिक सिद्धार्थ और कियारा अपनी शादी के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। बस शादी से पहले एक-दूसरे के साथ टाइम स्पेंड करके फ्यूचर के लिए तैयार हो रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक सिद्धार्थ और कियारा अपने लिए नया घर देख रहे हैं जहां दोनों अपनी लाइफ के नए चैप्टर को शुरू करें।

अगर कोई अच्छा घर नहीं दिखता है तो फिर कियारा, सिद्धार्थ के घर ही शिफ्ट हो जाएंगी। ऐसी खबर है कि सिद्धार्थ और कियारा अगले साल अप्रैल में शादी करने वाले हैं। अब दोनों अपने रिश्ते को एक स्टेप और आगे बढ़ाना चाहते हैं। वैसे बता दें कि कियारा, सिद्धार्थ से पहले भी कई कप्लस शादी से पहले लिव इन में साथ रहे हैं। आलिया भट्ट और रणबीर कपूर भी शादी से पहले ही लिव इन में रहने लगे थे। वैसे बता दें कि हाल ही में करण जौहर के शो कॉफी विद करण में सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने इनडायरेक्टली अपने रिलेशनशिप को एक्सेप्ट किया है। वहीं अब दोनों से हर इवेंट में इस बारे में पूछा जाता है। हाल ही में सलमान खान ने भी बिग बॉस में आए सिद्धार्थ मल्होत्रा से कियारा और शादी को लेकर सवाल किया था जिस पर सिद्धार्थ ने कहा था कि वह जल्द शादी करेंगे।



# गोविंदा को देख इमोशनल हुईं नेहा



नेहा कक्कड़ इंडियन आइडल 13 शो पर इमोशनल हो गईं और अपने आंसुओं को नहीं रोक पाईं। लेकिन इस बार वजह किसी कंटेस्टेंट की इमोशनल कर देने वाली परफॉर्मेंस नहीं बल्कि इस शो पर पहुंचे एक्टर गोविंदा थे। बता दें इंडियन आइडल शो को नेहा कक्कड़, हिमेश रेशमिया और विशाल ददलानी जज कर रहे हैं। लेकिन इस जज पैनल सबसे ज्यादा कोई सुर्खियां बंटोरती हैं तो वे है नेहा कक्कड़। इंडियन आइडल शो पर इस वीकेंड दिवाली स्पेशल एपिसोड टेलिकास्ट होने जा रहा है। इस मौके पर एक्टर गोविंदा अपने परिवार के साथ इस शो पर नजर आएंगे। शो पर अपने फेवरेट स्टार को देखकर नेहा की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। नेहा कहती हैं कि बचपन से वे गोविंदा की फैन हैं। गोविंदा के साथ इस शो पर उनकी पत्नी सुनीता आहूजा और बेटी टीना आहूजा भी पहुंची। गोविंदा की पत्नी सुनीता ने नेहा को कहा कि आप गोविंदा की फेवरेट सिंगर हैं। और वे आपके फैन हैं। इस बात पर नेहा खुश हो गईं और बोलीं 'जिनकी मैं फैन हूं वो मुझे अपना फैन बोलें तो मेरे लिए इससे बड़ी बात क्या होगी। आज मैं सुपरस्टार बन गई हूं।' इसके बाद गोविंदा नेहा के लिए कहते हैं कि आर्टिस्ट ऐसा (नेहा कक्कड़) जैसा होना चाहिए जो किसी के गम, दुख को देखकर रो पड़े। क्या कमाल की आर्टिस्ट हैं आप। इसके बाद सुनीता भी कहती हैं कि ये बहुत इमोशनल और बहुत ही प्यारी लड़की हैं, हम सब इसे बहुत प्यार करते हैं। इसके बाद नेहा जैसे ही शुक्रिया कहकर गोविंदा के बारे में बोलने लगीं, वे बोलते-बोलते इमोशनल हो गईं। उनके आंसू छलक गए और गोविंदा उनके चेहरे से आंसू पोछने लग गए।

# साड़ी में सुहाना खान ने मनीष मल्होत्रा की पार्टी में कुछ यूं ली एंट्री



दिवाली का जश्न पूरे देश के साथ बॉलीवुड में भी शुरू हो चुका है। रमेश तौरानी के बाद अब मनीष मल्होत्रा की पार्टी सुर्खियों में है। सोशल मीडिया पर ग्लैम और ग्लिट्स से भरी तस्वीरें छाई हुई हैं। इस पार्टी में सभी ट्रडिशनल आउटफिट्स में थे। शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान साड़ी पहनकर पहुंची थीं। उन्हें देखकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह के कमेंट्स किए जा रहे हैं। कुछ लोगों की उनकी झलक दीपिका पादुकोण जैसी लग रही है। वहीं कई लोग उन्हें शाहरुख की कॉपी बता रहे हैं। सुहाना के अलावा उनकी बेस्ट फ्रेंड्स नव्या नवेली नंदा और अनन्या पांडे ने भी पार्टी में ग्लैमर का तड़का लगाया। मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में साड़ियां हाइलाइट रहीं। शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान भी इस पार्टी में गोल्डन सीकुइन्ड साड़ी पहनी थी। बाल बांधकर बन बनाया था। पैप्स के इंस्टा पर सुहाना के वीडियोज हैं। इन पर कई कमेंट्स आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, नेक्स्ट दीपिका पादुकोण। एक और ने लिखा है, एक सेकंड को मुझे लगा कि दीपिका पादुकोण है। कुछ लोगोंने लिखा कि वह फीमेल शाहरुख खान लग रही है। वहीं कुछ लोगों ने बचाव करते हुए लिखा है कि शाहरुख की बेटी है तो वैसी ही लगेगी। सुहाना खान सोशल मीडिया पर काफी पॉप्युलर हैं। लोग लंबे वक्त से उनके डेब्यू का इंतजार कर रहे थे। फाइनली वह जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज में वेरोनिका के रोल में नजर आएंगी। पार्टी में जाह्नवी, अनन्या, शनाया सभी ट्रडिशनल आउटफिट्स में थीं।

# जाह्नवी कपूर के चेहरे पर थीं मूंछे



जल्द ही जाह्नवी कपूर की अगली फिल्म मिली रिलीज होने जा रही है। ये फिल्म 4 नवंबर को रिलीज हो रही है। इसके अलावा भी जाह्नवी कई अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। हाल ही में जाह्नवी ने एक इंटरव्यू में 'फिल्म कैंपेनियन' से बात करते हुए जाह्नवी ने अपने पहले शूट के दौर को ट्रैजिक और दुखदाई बताया। आखिर जाह्नवी ने ऐसा क्यों कहा? जाह्नवी ने बताया कि उनका पहला शूट पीपल्स मैग्जीन की कवर गर्ल के तौर पर था और उस दौरान उनकी मां श्रीदेवी उन्हें वैक्स नहीं करवाने देती थीं। उन्होंने कहा, 'वो वक्त मेरे लिए ट्रैजिक और दुख देने वाला था, मेरे चेहरे पर मूंछें और बाजुओं पर बहुत लंबे लंबे बाल थे लेकिन मां ने मुझे वैक्सिंग की इजाजत नहीं दी। और मैंने ये शूट बिना वैक्स करवाए ही किया। जिस शूट की बात जाह्नवी का रही हैं वे साल 2012 में हुआ उनके करियर का पहला शूट था। पीपल्स मैगजीन की कवर गर्ल बनी जाह्नवी के इस शूट की इंडस्ट्री में चर्चा भी रही थी। लेकिन जाह्नवी इसे याद करते हुए कहती हैं ये मुझे मेरी जिंदगी के बुरे दौर की याद दिलाता है। जाहिर सी बात ग्लैमर वर्ल्ड में एंट्री के लिए बहुत सी एक्ट्रेस अपने लुक्स में बदलाव करती हैं लेकिन खुद एक्ट्रेस होने के बावजूद श्रीदेवी ने जाह्नवी को अपने लुक्स को मेंटेन क्यों नहीं करने दिया ये सोचने वाली बात है।

# अनन्या और आदित्य ने कन्फर्म कर दी अपनी रिलेशनशिप

अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर का नाम कुछ दिनों से बहुत सुर्खियों में है। ऐसा कहा जा रहा है कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। बुधवार रात को रमेश तौरानी की दिवाली पार्टी की कुछ फोटोज सामने आईं जिसमें दोनों सबसे अलग एक-दूसरे के साथ बात करते दिखे। इतना ही नहीं अब गुरुवार को मनीष मल्होत्रा ने दिवाली पार्टी रखी थी जिसमें कई सेलेब्स शामिल हुए। इंट्रेस्टिंग बात ये है कि इस दौरान आदित्य और अनन्या लगभग एक समय पर आए और फिर दोनों ने साथ में फोटोज क्लिक करवाईं। इतना ही नहीं दोनों ने ब्लैक कलर का ही आउटफिट पहना था। दरअसल, सभी सेलेब्स को देखकर साफ पता चल रहा था कि मनीष की दिवाली पार्टी का थीम कलर व्हाइट, ब्लैक और गोल्डन था। हालांकि आदित्य और अनन्या ने ब्लैक कलर के आउटफिट्स ही चुने। अब दोनों की साथ में फोटोज और वीडियोज देखकर ये अंदाजा लगाया जा रहा है कि क्या दोनों ने एक तरह से अपना रिलेशनशिप कन्फर्म कर लिया है। वैसे बता दें कि इनके रिलेशनशिप की अफवाह करण जौहर के शो कॉफी विद करण से हुई थी। करण ने बताया था कि एक पार्टी के दौरान उन्होंने आदित्य और अनन्या को साथ में काफी अलग में टाइम स्पेंड करते देखा। अनन्या ने इस पर ज्यादा रिएक्ट नहीं किया। लेकिन उन्होंने आदित्य को हॉट बोला था। खैर अब देखते हैं कि आखिर कब तक दोनों इन खबरों को रोक पाएंगे। अनन्या के बारे में बता दें कि इससे पहले वह ईशान खट्टर को डेट कर रही थीं। दोनों ने कभी अपना रिलेशन एक्सेप्ट नहीं किया था। लेकिन दोनों को साथ में कई बार टाइम स्पेंड करते देखा गया था। इतना ही नहीं दोनों इसी साल के शुरुआत में साथ में मालदीव भी गए थे। दोनों को एयरपोर्ट पर साथ में आते हुए और जाते हुए स्पॉट किया गया था। करण जौहर ने अपने शो में ये भी बताया था कि दोनों रिलेशनशिप में थे और अब अलग हो गए हैं। अनन्या की प्रोफेशल लाइफ की बात करें तो उनके पास 2 फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं खो गए हम कहां और ड्रीम गर्ल 2। खो गए हम कहां में वह सिद्धांत चतुर्वेदी और ड्रीम गर्ल 2 में वह आयुष्मान खुराना के साथ नजर आएंगी।









प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी से मिले कंपनी के प्रतिनिधि

# ग्रेटर नोएडा में भी बनेगा लुलु मॉल

जय हिन्द संवाद



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो में भी लखनऊ की तर्ज पर जल्द ही लुलू ग्रुप का मॉल बन सकता है। फूड प्रोसेसिंग व मॉल बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी लुलू ग्रुप ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से जमीन उपलब्ध कराने की मांग है। बृहस्पतिवार को कंपनी के प्रतिनिधियों ने सीईओ रितु माहेश्वरी से मुलाकात की और अपनी परियोजना से अवगत कराया।

ग्रेटर नोएडा सिर्फ औद्योगिक ही नहीं, बल्कि वाणिज्यिक गतिविधियों के प्रमुख केन्द्र के रूप में उभर रहा है। ग्रेटर नोएडा व ग्रेनो वेस्ट की आबादी भी बहुत तेजी से बढ़ रही है। इस मौके को भुनाने के लिए वाणिज्यिक निवेशक यहां निवेश करने के लिए बहुत इच्छुक हैं। इन निवेशकों में लुलू ग्रुप का भी जुड़ने जा रहा है। लुलू ग्रुप ग्रेटर नोएडा में विश्वस्तरीय मॉल बनाना चाह रहा है। इसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से जमीन मांगी है। बृहस्पतिवार को कंपनी के प्रतिनिधियों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी से मुलाकात की और अपने प्रोजेक्ट के बारे में बताया। कंपनी प्रतिनिधियों ने बताया कि इस मॉल को बनाने में वे करीब 1500 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे और करीब 6000 युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। अगर अप्रत्यक्ष रोजगार को भी जोड़ लें, तो यह संख्या और भी अधिक हो जाएगी।

बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने कंपनी प्रतिनिधियों को ग्रेटर नोएडा के मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर व आगामी विकास परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही आवंटन व प्राधिकरण के पेमेंट प्लान की जानकारी से भी अवगत कराया। उन्होंने प्राधिकरण की तरफ से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है।

बता दें कि ग्रेटर नोएडा में लुलू ग्रुप का यह दूसरा प्रोजेक्ट है। कंपनी इससे पहले ईकोटेक-10 में देश का सबसे बड़ा फूड पार्क बना रही है। यह फूड पार्क 20 एकड़ एरिया में करीब 500 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है। इससे स्थानीय किसान फल, सब्जी, दुग्ध उत्पादों को अच्छे दामों पर कंपनी (फूड पार्क) को बेच सकेंगे। उनको फसलों की अच्छी कीमत प्राप्त हो सकेगी।अत्याधुनिक तकनीकों वाला यह प्रदेश का सबसे बड़ा फूड पार्क होगा। इस फूड पार्क में 20,000 मिट्रिक टन क्षमता का स्टोरेज भी होगा।

# परिवार के साथ दीपावली मनाएंगे श्रीकांत त्यागी

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** श्रीकांत त्यागी को 2 दिन पहले हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी और अब श्रीकांत त्यागी रिहा हो गए हैं। थोड़ी देर पहले श्रीकांत त्यागी गौतमबुद्ध नगर की लुक्सर जेल से रिहा हो गए हैं। श्रीकांत त्यागी के परिवार के लिए इससे बड़ी कोई खबर नहीं हो सकती। अब श्रीकांत त्यागी अपने परिवार के साथ दीपावली का त्यौहार मनाएंगे। श्रीकांत त्यागी की रिहाई पर उनकी बीवी अनु त्यागी ने पूरे त्यागी समाज का आभार जताया है। आपको बता दें कि श्रीकांत त्यागी बीते 8 अगस्त को गिरफ्तार हुआ। तब से वह जेल में कैद था, अब उनको जमानत मिल गई है।

इसका वीडियो वहां मौजूद कुछ लोगों ने बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसके बाद 5 अगस्त से लेकर अभी तक यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच चुका है। इस मामले के बाद श्रीकांत के खिलाफ गैंगस्टर और अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। श्रीकांत को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।



### अब चुनाव लड़ने की तैयारी

श्रीकांत त्यागी जेल से रिहा हो गया है। जेल से बाहर आते ही श्रीकांत त्यागी ने पूरे त्यागी समाज का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है। श्रीकांत का कहना है कि त्यागी समाज में उनको अपना बेटा और नेता चुना है। श्रीकांत का कहना है कि त्यागी समाज उनके लिए सर्वोपरि है और भगवान का रूप है। वह समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। श्रीकांत त्यागी अब चुनाव लड़ने की तैयारी में है।

### क्या है पूरा मामला

श्रीकांत त्यागी ने नोएडा के सेक्टर-93बी में स्थित ग्रैंड ओमेक्स हाउसिंग सोसाइटी में बालकनी को कवर किया गया था और बालकनी के आसपास काफी संख्या में पेड़-पौधे लगाए हुए थे। बीते 5 अगस्त को सोसाइटी में रहने वाली एक महिला ने वहां से एक पौधा उखाड़ दिया था। जिसके बाद श्रीकांत त्यागी मौके पर आ गया और महिला से पेड़ उखाड़ने वाली बात पर उलझ गया। इसी दौरान महिला ने कहा कि उसने अवैध कब्जा किया हुआ है। इसी बात को लेकर श्रीकांत त्यागी और महिला के बीच नोकझोंक बढ़ गई। श्रीकांत ने महिला के साथ बदसलूकी करते हुए धक्का दे दिया था। इस दौरान उसने महिला को गाली भी दी थी।

# धूमधाम से मनाया दीपावली मिलन समारोह, महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजस्थान कल्याण परिषद ने दीपावली मिलन समारोह चोखी हवेली, नोएडा शिल्प हाट, सैक्टर-32 ए में मनाया। इस अवसर पर अध्यक्ष एन के मालपानी ने बताया कि दीपावली समारोह में संस्था की महिला सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

समारोह के मुख्य आकर्षण दीप-सज्जा-रंगोली के साथ पूजा की थाली प्रतियोगिता मिठाईयों का छप्पन भोग प्रसाद कलाकरों के साथ डांडिया रास, बणी-ढणी, नार और म्हारा मोट्यार में संस्था के पुरुष एव महिला सदस्यों ने अपने पारम्परिक राजस्थानी वेषभूषा परिधानों में शामिल हुए।

महासचिव जुगलकिशोर भारती ने बताया कि संस्था के सदस्यों ने ठाकुर जी को अपने-अपने घरों से लाए गए व्यंजनों से 56 भोग का प्रसाद भी चढ़ाया गया। फूलों एवं फलों की दीप सज्जा में जो सबसे अच्छी सजी हुई थाली के लिए पुरस्कार स्वरूप 20 ग्राम चांदी का सिक्का दिया गया। बनी ठनी नार एवं पुरुष की सर्वश्रेष्ठ जोड़ी को भी 20 ग्राम चांदी का सिक्का देकर सम्मानित किया गया।दीपावली कार्यक्रम के संयोजक अनिल अग्रवाल को सफल आयोजन के लिए संस्था के पूर्व अध्यक्ष जीपी केडिया ने बधाई दी। इस दौरान सम्मलित होने वाले सदस्यों में पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, महेंद्र शाह, जीसी माहेश्वरी, केसी गुप्ता, आरसी बजाज, अरविंद बैद, अनिल जैन, राजीव गुप्ता, जीवन जैन, प्रकाश इनानी, विष्णु पारीक,



विनोद पारीक, प्रदीप गर्ग, नीशू गुप्ता, पारुल माहेश्वरी, ललिता मेहता, सरिता गुप्ता, सीमा अग्रवाल, निशी अग्रवाल, सुनीता शर्मा, आशा मित्तल सहित कई अन्य प्रमुख सदस्यों ने शिरकत की।

# आयकर विभाग की महिला इंस्पेक्टर से तीन लाख की ठगी

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** साइबर ठग ने आयकर विभाग की महिला इंस्पेक्टर से तीन लाख रुपये की ठगी कर ली। जालसाज ने ई-कॉमर्स वेबसाइट के मर्चेंट प्लेटफार्म पर ज्यादा पैसे कमाने का झांसा देकर वारदात को अंजाम दिया। इस संबंध में महिला ने सेक्टर-24 थाने में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

सेक्टर-24 निवासी ज्योति ने पुलिस को शिकायत दी कि वह आयकर विभाग नोएडा में इंस्पेक्टर हैं। उनसे कुछ दिन पहले ग्रेटर नोएडा निवासी तनुज भाटिया नाम के युवक ने संपर्क किया था। आरोपी ने कहा कि वह ई-कॉमर्स वेबसाइट के मर्चेंट प्लेटफार्म पर क्लिक कर ज्यादा पैसे कमा सकती हैं। आरोपी की

### आरोपी तनुज के खिलाफ आईटी एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू

बात सुनने के बाद वह उसके झांसे में आ गईं। उन्होंने आरोपी द्वारा बताए गए लिंक पर क्लिक किए। इसी बीच आरोपी ने उनके खाते से करीब तीन लाख रुपये निकाल लिए। जब महिला ने खाते का बैलेंस चेक किया तो वारदात का पता चला। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी तनुज के खिलाफ आईटी एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। इसी तरह ठगों ने लिंक भेजकर एक युवक के खाते से 1.08 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित सेक्टर 53 निवासी आर्यन सिंह ने थाने में केस दर्ज कराया है।

# हिमाचल प्रदेश की विस के कोऑर्डिनेटर बने सत्येंद्र शर्मा

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य एव कांग्रेस नेता सतेन्द्र शर्मा को हिमाचल प्रदेश के प्रभारी पूर्व केन्द्रीय मंत्री राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने पत्र जारी करते हुए 57 रेणुका विधानसभा का कोऑर्डिनेटर बनाया है। सतेन्द्र शर्मा ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि एक सामान्य कार्यकर्ता को सम्मान मिलना ये सिर्फ कांग्रेस पार्टी में ही संभव है। प्रियंका गाँधी ने मेहनती कार्यकर्ता को हमेसा आगे बढ़ाती है, इससे पहले हाल ही में उत्तर प्रदेश के 2022 विधानसभा चुनाव में भी वाराणसी कैंट विधानसभा का को-कोडिनेटर की जिम्मेदारी दी गई थी। वो भी पूरी निष्ठा से निर्वहन की थी, अब दी गई नई जिम्मेदारी को भी पूरी ईमानदारी सच्ची निष्ठा से निर्वहन करूँगा।

# दीपा भाटी ने किया समाज का नाम रोशन

अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा ने पीसीएस परीक्षा पास करने पर दी बधाई



जय हिन्द संवाद

**दादरी।** कोंडली गांव की प्रतिभाशाली बेटी दीपा भाटी द्वारा लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश की पीसीएस परीक्षा पास करने पर अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर बधाई दी। महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम सिंह भाटी ने कहा कि दीपा भाटी ने यूपी पीसीएस में सफलता प्राप्त कर के क्षेत्र व समाज का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता सभी छात्र-छात्राओं के लिए एक मार्गदर्शक है। उनकी इस सफलता से वर्तमान पीढ़ी प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का काम करेंगी। दीपा भाटी ने शादी होने के बावजूद विषम परिस्थितियों में अपनी मेहनत और लगन की बदौलत ने बड़ी सफलता हासिल की है उन्होंने क्षेत्र और समाज को गौरवान्वित किया है। उनका सम्मान करने वालों में मुख्य रूप से एडवोकेट नीरज भाटी, प्रिंस भाटी, प्रशांत भाटी आदि कई लोग उपस्थित रहे।

# मुलायम सिंह यादव भारत रत्न के हकदार हैं: रवि शर्मा

जय हिन्द संवाद



**नोएडा।** सेक्टर 22 आरडब्लूए के संरक्षक, ब्राह्मण रक्षा दल के मुख्य संरक्षक व समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पंडित रवि शर्मा ने सपा के संस्थापक, तीन बार प्रदेश के मुख्यमंत्री और एक बार रक्षा मंत्री रह चुके स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के लिए केंद्र सरकार से भारत रत्न की मांग की है।

श्री शर्मा का कहना है कि नेताजी सभी वर्ग के प्रिय थे, और सबको साथ लेकर चलने वाले नेता थे। नेताजी के निधन के बाद देश और विदेश के कोने-कोने से लोग उनके अंतिम दर्शन करने को पहुंचे। इस दौरान उम ?ा जनसैलाब यह बताने के लिए पर्याप्त है कि नेताजी लोगों के दिलों पर राज करते थे। सत्ता में ना रहते हुए भी लोग उन पर जान लुटाते थे। समाज के हर तबके को साथ लेकर चलना इसी बात का प्रमाण है, कि वे एक करिश्माई नेतृत्व के धनी थे। हर कोई उनका मुरीद था, अपने दुश्मनों को भी अपना बना लेने की कला केवल नेताजी में ही थी। पहलवानी का अखाड़ा हो, शिक्षा का क्षेत्र या फिर राजनीति का क्षेत्र, हर जगह उन्होंने किला फतह किया। प्रदेश की राजनीति हो या देश की राजनीति, नेताजी की गिनती प्रमुख नेताओं में होती है। केंद्र सरकार से हम मांग करते हैं कि वह आदरणीय नेताजी को भारत रत्न देकर उनको सम्मानित करे। जिसके वे हकदार हैं।

# अब शहर के नालों पर बनेंगे एसटीपी

## एक से दो एमएलडी की होगी क्षमता, शोधित पानी का सिंचाई में होगा प्रयोग

जय हिन्द संवाद




**नोएडा।** यमुना को प्रदूषित होने से बचाने के लिए प्राधिकरण नई योजना पर काम कर रहा है। इसके तहत 30 छोटे नालों के अपस्ट्रीम पर एसटीपी बनाए जाएंगे। प्रत्येक नाले पर लगाए जाने वाले एसटीपी की क्षमता एक या दो एमएलडी की होगी। जो नालों में अप स्ट्रीम में आने वाले पानी शोधित करेगा।

इस पानी के लिए एक स्टोरेज भी वहीं बनाया जाएगा। स्टोरेज पानी का प्रयोग आसपास की ग्रीन बेल्ट और पार्कों में सिचाईं के लिए किया जाएगा। प्राधिकरण का दावा है कि 2023 तक नोएडा के सभी नाले और सिचाईं विभाग के नाले में दूषित पानी नहीं के बराबर ही रहेगा। यमुना में गिरने वाला पानी भी साफ होगा। जिससे प्रदूषण का स्तर कम होगा।

स्टोरेज प्लांट से पाइप के जरिए पार्कों और ग्रीन बेल्ट तक पानी को पहुंचाया जाएगा। इस पानी का प्रयोग सिचाईं के लिए किया जाएगा। शेष पानी को नाले में आगे के छोड़ दिया जाएगा। बड़ी गंदगी को रोकने के लिए नालों पर बंबू का प्रयोग किया गया है। कोंडली नाले को साफ करने के लिए सेक्टर-50 में वेटलैंड बनाया जा रहा है। इस पर करीब सात करोड़ रुपए का खर्च किए गए है। पैसा नोएडा प्राधिकरण देगा जबकि निर्माण यूपी सिचाईं विभाग करवा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि आने वाले समय में सेक्टर-11, 137 सहित अन्य जगह वेटलैंड बनने प्रस्तावित हैं। कुल पांच कृतिम वेटलैंड तैयार किए जाएंगे।

### 190 एमएलडी पानी किया जा रहा शोधित

नोएडा में चार एसटीपी प्लांट है। जो पहले से ही 190 एमएलडी सिवरेज पानी को शोधित कर रहे है। इसमें 135 एमएलडी पानी का प्रयोग हो रहा है। नालों के ऊपर एसटीपी बन जाने से शोधन की क्षमता बढ़ेगी। इसके अलावा एसबीआर तकनीक पर 143.58 करोड़ रुपए की लागत से सेक्टर-168 में एसटीपी प्लांट तैयार है। इसकी क्षमता 100 एमएलडी है। इसके शुरू होने से सीवेज डिस्ट्रिक्ट-डी के कुल 91 सेक्टरों की आबादी को लाभ मिलेगा।




जे. एच. जे. कम्यूनिकेशन प्रा.लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मोहम्मद इमरान द्वारा सी-65, सेक्टर-9 नोएडा, से प्रकाशित व बीएफएल इंफोटेक लि., सी-9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। संपादक मोहम्मद आजाद (RNI No. : UPHIN/05/14445), (सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गौतमबुद्ध नगर में होगा) फोन नं. 9311220786. फैक्स : 0120:4267616. Email: jaihindjanab00@gmail.com